उज्जैन
शनिवार
27
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-234
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

पेज 3 ▸ 200 रुपये का नकली नोट चलाने रेस्टोरेंट पहुंचा था युवक

पेज 7 ▸ आयरलैंड ने इंटरनेशनल क्रिकेट में पहली बार भारत को हराया

# मध्यप्रदेश और झारखंड में आंधी-बिजली से 16 की मौत

## उत्तराखंड में घरों-स्कूलों में मलबा घुसा, गाड़ियां दबीं, यूपी-राजस्थान-हरियाणा में तापमान 42 डिग्री+

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल/लखनऊ

देश के 6 राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा के कई इलाकों में प्री-मानसून बारिश जारी है। हालांकि, छह राज्यों में तेज गर्मी भी हो रही है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा में पारा 42 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया।

मध्य प्रदेश के बालाघाट में शुक्रवार को बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग झुलस गए। देवास में आंधी-बारिश से मकान की बालकनी का हिस्सा गिर गया, हादसे में 2 महिलाओं की मौत हो गई।

### 6 राज्यों में गर्मी का असर, पारा 40 डिग्री पार

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और गुजरात के कई शहरों में बुधवार को पारा 40डिग्री से ज्यादा रहा। देश में सबसे ज्यादा पारा हरियाणा के रोहतक में 43.4डिग्री दर्ज किया गया। वहीं यूपी के लखीमपुर खीरी में 43.2डिग्री, बांदा और आगरा में 43डिग्री, राजस्थान के श्रीगंगानगर में 42.1डिग्री, एमपी के ग्वालियर में 41.8डिग्री और गुजरात के अहमदाबाद में 41.7डिग्री रहा।

वहीं झारखंड में भी बिजली गिरने से 10 और छत्तीसगढ़ में दो लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड के चमोली में देर रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद बादल फटने जैसी घटना हुई, जिससे स्कूल, 8 बड़ी गाड़ियां, एंबुलेंस और मकानों में मलबा घुस गया है। मानसून ने देश के 22 राज्यों को कवर कर लिया है। 5 जुलाई तक बाकी राज्यों को कवर कर सकता है। यूपी में मानसून 8 दिन लेट है। यह आमतौर पर 20 जून तक आ जाता है लेकिन इस बार 15 दिनों से बिहार बॉर्डर पर रुका है। यह अगले 2 दिन में बिहार बॉर्डर से प्रदेश में एंट्री कर सकता है।

# एनआईटी छात्र ने फांसी लगाई

## भाई ने लगाया रैगिंग का आरोप, टीचर्स कहते हैं- कितना भी पढ़ लो हम जीरो देंगे?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) वारंगल के एमसीए के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र के भाई ने सीनियर छात्रों पर प्रताड़ना और रैगिंग का आरोप लगाया है।

हीरानगर पुलिस के अनुसार मृतक का नाम राजकुमार (20) है। वह 10 दिन से अपने भाई हरदयाल के पास रहने इंदौर आया था। गुरुवार रात राजकुमार ने घर में फांसी लगा ली। भाई हरदयाल ने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला और अस्पताल लेकर पहुंचा।

हरदयाल ने पुलिस को बताया कि राजकुमार ने पिछले साल ही एनआईटी में एमसीए में प्रवेश लिया था। पढ़ाई के लिए परिवार ने करीब छह लाख रुपए का लोन लिया था। राजकुमार पढ़ाई छोड़कर इंदौर लौट आया था। वह मानसिक रूप से परेशान था।

उसने बताया था कि कॉलेज में सीनियर छात्र उसे परेशान करते हैं और मारपीट भी की जाती है। इतना ही नहीं, एक शिक्षक ने तो कह भी दिया था कि तुम कितनी भी पढ़ाई कर लो, मैं तुम्हें जीरो नंबर दूंगा। इसके बाद से वह डिप्रेशन में आ गया था।

## सेवानिवृत्ति से पहले ही शासकीय कर्मचारी आसानी से जान सकेंगे

# अर्जित अवकाश के बदले उन्हें कितनी राशि मिलेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पूरे प्रदेश के साथ ही अब उज्जैन जिले में भी सेवानिवृत्ति से पहले ही शासकीय कर्मचारी यह आसानी से जान सकेंगे कि अर्जित अवकाश के बदले उन्हें कितनी राशि मिलेगी

सरकारी कर्मचारियों के लिए राहत की खबर है। अब सेवानिवृत्ति से पहले ही कर्मचारी यह आसानी से जान सकेंगे कि अर्जित अवकाश (ईएल) के बदले उन्हें कितनी राशि मिलेगी। वित्त विभाग ने लीव इनकैशमेंट (अवकाश नकदीकरण) की गणना को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए सभी विभागों में एक समान प्रक्रिया लागू करने के निर्देश दिए हैं।

### गणना को लेकर खत्म होगा भ्रम

अब तक विभिन्न विभागों में लीव इनकैशमेंट की गणना अलग-अलग तरीके से की जाती थी। इससे कई बार भुगतान को लेकर कर्मचारियों और विभागों के बीच विवाद की स्थिति बन जाती थी। वित्त विभाग का मानना है कि नए दिशा-निर्देश लागू होने से पूरे प्रदेश में एक समान व्यवस्था लागू होगी और भुगतान प्रक्रिया अधिक पारदर्शी तथा विवाद-मुक्त बनेगी। गौरतलब है कि सरकारी सेवा के दौरान कर्मचारियों के खाते में अर्जित अवकाश जमा होता रहता है। अधिकांश कर्मचारी अपनी सभी छुट्टियों का उपयोग नहीं कर पाते, जिसके कारण बड़ी संख्या में ईएल शेष रह जाती है। सेवानिवृत्त अथवा सेवाकाल में मृत्यु की स्थिति में इन बची हुई छुट्टियों के बदले सरकार नकद भुगतान करती है, जिसे लीव इनकैशमेंट कहा जाता है। कई कर्मचारियों के लिए यह राशि सेवानिवृत्ति लाभों का महत्वपूर्ण हिस्सा होती है और कई मामलों में यह लाखों रुपये तक पहुंच जाती है।

नए आदेश के अनुसार किसी भी कर्मचारी को अधिकतम 300 दिनों के अर्जित अवकाश का ही नकद लाभ मिलेगा। यदि किसी कर्मचारी के खाते में 300 दिनों से अधिक ईएल जमा है, तब भी भुगतान केवल 300 दिनों तक ही सीमित रहेगा। वहीं यदि कर्मचारी पहले किसी अवसर पर अर्जित अवकाश का नकदीकरण करा चुका है, तो उतने दिनों को 300 दिन की अधिकतम सीमा से घटाया जाएगा।

# पीएम मोदी सेशेल्स रवाना, 11 साल में दूसरा दौरा

## राष्ट्रीय दिवस समारोह में बतौर चीफ गेस्ट शामिल होंगे, यहां हर 8वां व्यक्ति भारतीय मूल का

ब्रह्मास्त्र ▸▸ विक्टोरिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 से 29 जून तक तीन दिन सेशेल्स दौरे के लिए शनिवार सुबह 8.50 बजे रवाना हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के निमंत्रण पर वहां जा रहे हैं।

मोदी सेशेल्स की आजादी के 50 साल पूरे होने के समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस मौके पर होने वाली परेड में भारतीय सशस्त्र बलों की एक टुकड़ी और भारतीय नौसेना के दो युद्धपोत भी हिस्सा लेंगे।

मोदी सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। इसके अलावा सेशेल्स की राष्ट्रीय विधानसभा को भी संबोधित करेंगे। सेशेल्स में रहने वाले भारतीय समुदाय से मुलाकात करेंगे।

मोदी का पिछले 11 साल में यह दूसरा सेशेल्स का दौरा है। इससे पहले उन्होंने साल 2015 में इस द्वीप देश की यात्रा की थी। सेशेल्स की आबादी 1.35 लाख है। इसमें से 12 हजार के करीब लोग भारतीय मूल के हैं। यह करीब 8 से 9% हिस्सा है।

### मोदी सेशेल्स जाने वाले सिर्फ दूसरे प्रधानमंत्री

इंदिरा गांधी ने साल 1976 में सेशेल्स गई थीं। उसी साल सेशेल्स आजाद हुआ था। भारत ने सेशेल्स के स्वतंत्रता समारोह में नौसेना का युद्धपोत आईएनएस नीलगिरि भी भेजा था। इसके बाद इंदिरा गांधी 1981 में फिर सेशेल्स का दौरा किया था। उनकी यात्रा के बाद, लगभग 34 साल तक किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री ने सेशेल्स की यात्रा नहीं की थी। इस दौरे का सबसे बड़ा उद्देश्य हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की रणनीतिक मौजूदगी और समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करना था।

# 3 साल में ड्रग्स नेटवर्क की कमर तोड़ देंगे : अमित शाह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार अगले तीन साल में ड्रग्स तस्करी के पूरे नेटवर्क पर ऐसा प्रहार करेगी कि वह दशकों तक उबर नहीं पाएगा। उन्होंने शुक्रवार को 'ऑनलाइन ड्रग्स डिस्पोजल फोर्टनाइट कैंपेन' की शुरूआत की।

**6,000 करोड़ के 2.09 लाख किलो नशीले पदार्थ नष्ट होंगे**

शाह ने कहा कि अभियान के तहत 6,000 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत के 2,09,500 किलोग्राम नशीले पदार्थ नष्ट किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्रवाई 'डिटेक्ट, डिसरप्ट और डिस्ट्रॉय' रणनीति के तहत होगी। गृह मंत्री ने कहा कि एजेंसियां डार्कनेट, हवाला और क्रिप्टोकरेंसी के जरिए होने वाली ड्रग्स तस्करी पर नजर रखेंगी। साथ ही तस्करों के सोर्स, ट्रांजिट रूट, फंडिंग और पूरे नेटवर्क को निशाना बनाया जाएगा। अवैध अफीम की खेती और छिपी हुई ड्रग लैब्स के खिलाफ भी अभियान तेज किया जाएगा।

# 3 जुलाई से अमरनाथ यात्रा 4 डॉप्लर रडार लगाए गए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

3 जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने मौसम निगरानी और आपदा प्रबंधन के इंतजाम मजबूत किए हैं। यात्रा मार्ग पर 4 डॉप्लर वेदर रडार लगाए गए हैं, जो खराब मौसम की रियल टाइम जानकारी देंगे। साथ ही 25 संवेदनशील जगहों पर 45 माउंटेन रेस्क्यू टीमें तैनात की गई हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, रडार नेटवर्क बादल फटने, भारी बारिश, आंधी और तेज हवाओं जैसी घटनाओं का पहले से पता लगाएगा। मौसम विभाग की चेतावनी कंट्रोल सेंटर, कैंप कमांडरों और आपदा प्रबंधन एजेंसियों तक तुरंत पहुंचाई जाएगी। यात्रियों को बालटाल और नुनवान बेस कैंप में भी मौसम की जानकारी दी जाएगी। प्रशासन ने बताया कि यात्रा मार्ग के संवेदनशील इलाकों की पहचान कर वहां एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। 2022 में अमरनाथ गुफा के पास आई फ्लैश फ्लड के बाद इस बार सुरक्षा और आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और मजबूत किया गया है।

# प्रॉपर्टी डीलर का हत्यारोपी एनकाउंटर में मारा गया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ



लखनऊ में प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह हत्याकांड का मुख्य शूटर संजय उर्फ संजीव एनकाउंटर में मारा गया है। शनिवार तड़के पुलिस ने उसकी घेराबंदी की तो उसने एसटीएफ पर कार्बाइन से फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में ढेर हो गया। मुठभेड़ इंदिरा कैनाल रोड पर हुई।

संजीव ने 27 मई को दिनदाहड़े प्रॉपर्टी डीलर की हत्या की थी। प्रॉपर्टी डीलर अपने ऑफिस के सामने मोबाइल पर बात कर रहे थे, तभी संजय उर्फ संजीव ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी थीं। उस पर पुलिस ने एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि संजीव दिरा कैनाल रोड के पास है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार सिंह ने टीम के साथ संजीव की घेराबंदी की। खुद को घिरता देखकर बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया। जवाबी कार्रवाई में संजीव को गोली लग गई। वह गिर पड़ा। इसके बाद एसटीएफ के जवान संजीव को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सड़क हादसे में 6 की मौत

## महिला टीचर द्वारा बनाया लाइव वीडियो सामने आया, दूध बेचकर घर लौट रहे थे 4 मृतक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रामपुर

हिमाचल प्रदेश के शिमला जिला के रामपुर में शुक्रवार को दोपहर बाद एक बोलेरो कैंपर गहरी खाई में गिरी। इस हादसे में मां-बेटे समेत छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

हादसे से जुड़ा एक लाइव वीडियो भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि इसे आनी के दिगेढ़ स्कूल में हिंदी अध्यापिका आशा ने बनाया। आशा के साथ उसका 11 साल का बेटा उगल भी गाड़ी में सवार था।

यह कहने के 2 सेकेंड बाद गाड़ी नीचे गिरती है और चीखें सुनाई देती है। यह हादसा दोपहर बाद करीब चार बजे रामपुर के काशापाट में पेश आया। मां-बेटे के अलावा गाड़ी में सवार अन्य लोग दत्तनगर में दूध बेचकर अपने घरों को वापस लौट रहे थे।

### दत्तनगर में दूध की सप्लाई करके घर लौट थे

- बताया जा रहा है कि बोलेरो गाड़ी सड़क से करीब 300 फुट नीचे गहरी खाई में जा गिरी। इससे गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और सभी की मौके पर जान चली गई।
- हादसे के बाद स्थानीय लोग व प्रशासन मौके पर पहुंचा और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। मगर किसी को नहीं बचाया जा सका। शाम सात बजे तक सभी मृतकों के शव गहरी खाई से निकाल दिए गए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए तकलेच अस्पताल भेज दिया है।

# पुलिस ने कहा-केतन जिंदा है तो सिया के हावभाव बदले

## पिता बोले- सवालों के बीच बुआ सिया को खींच ले गई, यहीं से हमारा शक गहराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुणे

पुणे के केतन अग्रवाल मर्डर केस में उनके पिता विशाल अग्रवाल ने दावा किया कि घटना वाले दिन ही परिवार को सिया गोयल पर शक हो गया था। उन्होंने बताया कि मौके पर मौजूद महिला पुलिसकर्मी ने जब कहा कि केतन अभी जिंदा है। उसे तुरंत अस्पताल ले जाना चाहिए, तब सिया के हावभाव बदल गए। इसके बाद सिया ने परिवार के सवालों का भी कोई जवाब नहीं दिया।

विशाल अग्रवाल ने बताया कि 18 जून को सिया की मां का फोन आया कि केतन लोहगढ़ किले से गिर गया है। परिवार मौके पर पहुंचा तो केतन को खाई से निकालकर लाया जा चुका था। उन्होंने देखा कि केतन का मुंह बंधा हुआ था। चेहरा खुलवाकर पहचान की गई।

सिया और केतन 18 जून को पुणे के लोहगढ़ किले पर घूमने गए थे। इसी दौरान केतन की खाई में गिरने से मौत हो गई। सिया पर अपने बॉयफ्रेंड चेतन चौधरी के साथ मिलकर मंगेतर की हत्या करने का आरोप है। दोनों फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं और मामले की जांच जारी है।

### फोन बिजी रहता था, केतन को शक हुआ था

विशाल अग्रवाल ने कहा कि केतन को सिया के अफेयर की जानकारी नहीं थी। हालांकि, उसे कई बार सिया का फोन लगातार बिजी मिलने पर शक हुआ था। उसने परिवार से पूछा भी था कि क्या सिया के बारे में पूरी जानकारी ली गई है परिवार ने उसे भरोसा दिलाया कि रिश्तेदारों ने पूरी पड़ताल की है। इसके बाद उसने दोबारा इस बारे में बात नहीं की। उन्होंने कहा कि अगर अफेयर की जानकारी होती तो यह रिश्ता कभी तय नहीं होता।

### बुआ सिया को ले गई, तभी परिवार का शक गहराया

केतन की बहन ने सिया से पूछा कि वह कहां बैठी थी, केतन कैसे गिरा और वह किले के उस किनारे तक कैसे पहुंचा। सिया ने किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। उसका रोना भी परिवार को बनावटी लगा। अगले दिन जब वह उनके घर आई, तब भी परिवार ने पूछा कि केतन का कौन सा पैर फिसला था, लेकिन वह चुप रही। सवाल-जवाब के दौरान शादी तय कराने वाली सिया की बुआ उसे तू चल-चल कहकर वहां से ले गई। इसके बाद परिवार का शक और गहरा हो गया। विशाल अग्रवाल ने बताया कि उसी शाम परिवार ने बैठकर पूरी घटना पर चर्चा की। उनकी बेटी ने कहा कि कुछ ठीक नहीं लग रहा। इसके बाद परिवार ने पूरी घटना को जोड़कर देखा और सोसायटी के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले।

## लैंड जिहाद, लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण पर कानून लाएंगे : शुभेन्दु

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करेगी। लैंड जिहाद, लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कानून भी लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो लोग अवैध तरीके से भारत में आए हैं। देश की संस्कृति या राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ गतिविधियों में शामिल हैं, उन्हें राज्य में रहने नहीं दिया जाएगा। अवैध घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें उनके देश वापस भेजा जाएगा। वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर कोलकाता के रवींद्र सदन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शुभेंदु ने ये बातें कही। सीमा सुरक्षा मजबूत करने के लिए आवश्यक जमीन उपलब्ध कराई गई है। सीमावर्ती जिलों में होल्डिंग सेंटर बनाए गए हैं, जहां अवैध घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें उनके मूल स्थान पर भेजा जाएगा।

## ऑपरेशन सिंदूर के 6 शहीदों के नाम पहली बार सार्वजनिक

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर में भारत के 6 जवान शहीद हुए थे। केंद्र सरकार ने 13 महीनों बाद पहली बार आधिकारिक तौर पर इनके नाम सार्वजनिक किए। इन नामों को नेशनल वॉर मेमोरियल की वेबसाइट के 'रोल ऑफ ऑनर' में शामिल किया गया है। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की 3ऊवॉल पर साल 2025 के खंड में भी उनके नाम अंकित किए गए हैं। नेशनल वॉर मेमोरियल के त्याग चक्र में ग्रेनाइट की 16 गोल दीवारें हैं, जिन पर आजादी के बाद से देश के लिए अपनी जान देने वाले हर सैनिक का नाम, रैंक और यूनिट लिखी हैं। दरअसल, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था।

## राम मंदिर चढ़ावा घोटाले पर भड़के मुकेश खन्ना, कहा- ये चोर, डाकू से भी ऊपर

**मुंबई।** सीनियर एक्टर मुकेश खन्ना राम मंदिर में हुए चढ़ावा घोटाले पर भड़क गए हैं। उनका कहना है कि मंदिर में चोरी करने वाले चोर, डाकू या किसी बेइमान से भी ऊपर हैं। उन्होंने अपील की है कि भक्तों को मंदिर में चढ़ावा देना ही बंद कर देना चाहिए। मुकेश खन्ना ने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से लिखा है, ह्यक्या आप जानते हैं, मंदिरों में आपका नकदी चढ़ावा, भगवान तक नहीं पहुंचता। बीच में कहीं खो जाता है। लूट मची पड़ी है। कहावत है ना, लूट सके तो लूट और लूटने वाले यहां भरे पड़े हैं। मैंने एक बार कहा था- भरे पड़े हैं चोर, डाकू और बेईमान, फिर भी मेरा देश है महान। लेकिन इन चढ़ावा लूटने वालों को मैं क्या नाम दूं चोर, डाकू या बेईमान इनमें से कोई नहीं।

## मुंबई में 3.75 करोड़ रु. की हेरोइन जब्त, 20 साल का युवक गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की नारकोटिक्स सेल ने गोरेगांव में कार्रवाई कर 750 ग्राम हेरोइन जब्त की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 3.75 करोड़ रुपए आंकी गई है। मामले में 20 साल के एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, गोपनीय सूचना मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई। आरोपी के पास से हेरोइन बरामद हुई। उसके खिलाफ पहले कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। नारकोटिक्स सेल की डीसीपी पूर्णिमा चौगुले श्रींगी ने बताया कि फिलहाल मामले में एक ही गिरफ्तारी हुई है। अभी तक आरोपी के किसी बड़े ड्रग सिंडिकेट से जुड़े होने की पुष्टि नहीं हुई है, हालांकि इस पहलू की जांच की जा रही है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर हेरोइन की सप्लाई चेन और इससे जुड़े अन्य लोगों का पता लगाने में जुटी है।

## इस्लाम अपना लिया तो नहीं मिलेगा पिछड़ी जाति का दर्जा और आरक्षण का लाभ

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने धर्म परिवर्तन और आरक्षण से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में तमिलनाडु सरकार को बड़ा झटका देते हुए उसके उस सरकारी आदेश को रद्द कर दिया, जिसके तहत हिंदू धर्म की पिछड़ी, अति-पिछड़ी अथवा अनुसूचित जातियों से इस्लाम अपनाने वाले लोगों को बैकवर्ड क्लास मुस्लिम श्रेणी में शामिल कर आरक्षण का लाभ देने का प्रावधान किया गया था. अदालत ने इस आदेश को संविधान और कानून की मूल भावना के विपरीत बताते हुए असंवैधानिक करार दिया। जस्टिस जी.आर. स्वामीनाथन और जस्टिस पी.बी. बालाजी की खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि किसी व्यक्ति के इस्लाम स्वीकार करने के बाद उसे केवल मुस्लिम माना जाएगा. वह केवल धर्म परिवर्तन के आधार पर उन मुस्लिम समुदायों का सदस्य होने का दावा नहीं कर सकता, जिनकी पहचान जन्म से निर्धारित होती है।

## कश्मीर में सीआईके की कई जगहों पर छापेमारी

**कश्मीर।** काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर ने कश्मीर के कई स्थानों पर शनिवार को तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों के मुताबिक, श्रीनगर, गांदरबल और अनंतनाग जिलों में संदिग्ध व्यक्तियों के घरों की तलाशी ली गई। सीआईके की एक टीम ने श्रीनगर के होकारसर इलाके में रहने वाले रियाज अहमद बेग के घर की तलाशी ली। वह मूल रूप से महाराज गंज के दलाल मोहल्ला का निवासी है और पिछले 16 साल से होकारसर में रह रहा है। एक अन्य टीम ने उपाधीक्षक के नेतृत्व में गांदरबल जिले के लार क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया।



## खबर एक नजर...



### महिदपुर रोड में मुहर्रम पर अकीदत के साथ निकाले गए ताजिये

**महिदपुर रोड !** नगर में मुस्लिम समाज के 10 मुहर्रम के दस ताजिये अकीदत एवं श्रद्धा के साथ ताजिये निकाले गये। नगर के विभिन्न मोहल्लों से छोटे-बड़े ताजिये जुलूस में शामिल हुए। समाज के खिलौरिया, मुल्तानी , मंसूरी, पठान के परिवारों सहित अन्य समाजों द्वारा भी आकर्षक ताजिये बनाये गये। नगर के बड़े साहब का ताजिया हर इस वर्ष की तरह इस वर्ष भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, बड़ी शांति, सौहार्द और अनुशासन के साथ निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदत मंदों ने भाग लिया तथा आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दिया। सभी ताजिये निर्धारित मार्गों से होते हुए हुसैनी चौक (पोस्ट ऑफिस चौराहा) पहुंचे, जहां समाज की धार्मिक परंपराओं के अनुसार रस्में अदा की गईं। मुहर्रम के अवसर पर क्षेत्र में शांति, सद्भाव और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। यह जानकारी समाज के युवाओं सरदार कुरैशी, अकरम अली खिलौरिया, महफूज खान आल्टो एवं जावेद ने संयुक्त रूप से दी।

### निर्जला एकादशी पर श्री बांके बिहारी को लगा आम का भोग, दिनभर चले भजन

**उज्जैन।** गुरुवार को निर्जला एकादशी पर अंकपात, मंगलनाथ मार्ग स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में 51 किलो आम का भोग लगाया गया। गुरुवार सुबह 8 बजे श्रृंगार के बाद श्री बांके बिहारी की आरती हुई जिसमें आम का भोग लगाया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। मंदिर संस्थापक पं. हरिनारायण शास्त्री ने बताया एकादशी पर दिन में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने भगवान श्री बांके बिहारी की भजन-नृत्य से आराधना की।

### समाज में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए गजानंद रामी सम्मानित

**उज्जैन।** माली समाज के सक्रिय कार्यकर्ता और 'वनमाली' पत्रिका के संपादक गजानंद रामी को समाज में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय माली महासंघ के जिलाध्यक्ष किशोर कुमार भाटी ने बताया कि सम्मान के दौरान उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री सुभाष चंद्र डोडिया, दौलतगंज मंडल प्रभारी अशोक केथवास, दौलतगंज मंडल अध्यक्ष विजय चौहान, मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद डोडिया और रितेश परमार, मंडल महामंत्री विनोदिनी पाटीदार, मंडल मंत्री उमेंद्र परमार, बूथ अध्यक्ष समीर कश्यप, विक्रमादित्य मंडल अध्यक्ष विक्रम ठाकुर सहित प्रेस फोटोग्राफर दिनेश सोलंकी मौजूद रहे।

### 30 जून को होगा निशुल्क निकाह व एजाजी जलसा

**उज्जैन।** समाज में फैली दहेज प्रथा जैसी कुरीति को खत्म करने के उद्देश्य से सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी ने एक सार्थक पहल की है। संस्था द्वारा ऐसे युवाओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा, जो बिना दहेज के निकाह करेंगे। सोसायटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल और संरक्षक सैयद आबिद अली मीर ने बताया कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व भारत रत्न खान अब्दुल गफ्फार खान की स्मृति में 30 जून को निशुल्क निकाह कार्यक्रम और एजाजी जलसा आयोजित किया जाएगा। यह गरिमामय कार्यक्रम शहर के जामा मस्जिद स्कूल कम्युनिटी हॉल में संपन्न होगा।

# गूंजे भगवान झूलेलाल के जयकारे, मंदिर में हुई महाआरती

## मुंबई से टीवी एक्ट्रेस संगीता और रीवा से कंटेंट क्रिएटर सिमर वाधवानी भी दर्शन करने पहुंचीं उज्जैन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन





गीता कॉलोनी स्थित श्री वरुण देव अखंड ज्योति झूलेलाल मंदिर में भगवान श्री झूलेलाल की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। बारिश के मौसम के बावजूद सुबह से ही मंदिर में सैकड़ों भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। महाआरती में संत आतम दास महाराज के साथ विशेष अतिथि के रूप में टीवी अभिनेत्री संगीता ओडवानी और सिंधी कंटेंट क्रिएटर सिमर रंजन वाधवानी शामिल हुईं।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि आयोजन के मुख्य संयोजक पवन खुबानी परिवार रहे, जबकि कार्यक्रम की रूपरेखा मंदिर अध्यक्ष मोहनलाल वासवानी ने तैयार की। महाआरती की शुरूआत संत आतम दास महाराज ने की। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए भगवान झूलेलाल, माता लक्ष्मी और श्री गणेश का स्मृति चिन्ह भेंट किया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से पधारीं अतिथियों ने भगवान की आरती कर जयकारे लगाए। उन्होंने सुबह-सुबह बारिश में सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति देखकर कहा कि धार्मिक स्थलों पर ऐसा उत्साह और माहौल कम ही देखने को मिलता है। यह भक्तों की सच्ची श्रद्धा है, जिससे भगवान सभी की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। आरती के पश्चात सभी भक्तों को प्रसादी वितरित की गई।

सोनी टीवी के सीरियल श्रीमद रामायण में काम कर चुकीं और राजस्थान के चित्तौड़गढ़ निवासी संगीता ओडवानी कार्यक्रम के लिए सीधे मुंबई के गोरेगांव से फ्लाइट से इंदौर और वहां से सड़क मार्ग से उज्जैन पहुंचीं। अपने करियर की शुरूआत इंदौर की अहिल्या नगरी से करने वाली संगीता मुंबई, दिल्ली और गुजरात सहित कई महानगरों में मॉडलिंग कर चुकी हैं।

रीवा से पधारीं सिमर रंजन वाधवानी जानी-मानी सिंधी कंटेंट क्रिएटर हैं। फेसबुक पर उनके डेढ़ लाख और इंस्टाग्राम पर दो लाख तीस हजार से अधिक फॉलोअर्स हैं। वे अब तक जबलपुर, सतना, कटनी, उज्जैन और अहमदाबाद सहित कई शहरों में कार्यक्रमों में शामिल हो चुकी हैं। इस कार्य में उन्हें उनके पति रजत और दोनों बच्चों का पूरा सहयोग मिलता है।

### 28 को पोलियो रविवार, 31 हजार से अधिक नौनिहालों को पिलाई जाएगी जिंदगी की दो बूंद

**उज्जैन।** भारत को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए 28 जून 2026 को पल्स पोलियो अभियान आयोजित किया जा रहा है। पोलियो रविवार के तहत बड़नगर तहसील के शून्य से 5 वर्ष तक के 31 हजार 727 बच्चों को पोलियोरोधी दवा की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धीरेन्द्र पाराशर और मुख्य विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजेंद्र सिंह अजनार ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को नजदीकी पोलियो केंद्र, आंगनबाड़ी या अस्पताल ले जाकर खुराक अवश्य पिलवाएं। अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं। मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुयश श्रीवास्तव, बीईई दिनेश कुमार पंचोली और हेल्थ सुपरवाइजर एमआर मंसूरी ने बताया कि बच्चों को दवा पिलाने के लिए 364 पल्स पोलियो टीमें बनाई गई हैं। इसके अलावा 9 ट्रांजिट टीम और 2 मोबाइल टीमें भी तैनात रहेंगी। अभियान की सघन निगरानी के लिए 29 सुपरवाइजर, सीएचओ और एमपीएस की ड्यूटी लगाई गई है।

स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कुल 62 हजार 623 घरों का भ्रमण किया जाएगा। जो बच्चे रविवार को बूथ पर दवा पीने से छूट जाएंगे, उन्हें स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की टीमें ईंट-भट्ठों, घुमक्कड़ आबादी वाले क्षेत्रों, आवागमन के मुख्य मार्गों और मेलों आदि स्थानों पर विशेष ध्यान देंगी ताकि कोई भी बच्चा पोलियो सुरक्षा चक्र से वंचित न रहे।

# कलम का धर्म सत्य, साहस ही पत्रकारिता की पहचान नेताओं की गोद छोड़ समाज की गोद म बैठ पत्रकार

## श्रमजीवी पत्रकार संघ का जिला सम्मेलन आयोजित

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का एक दिवसीय जिला सम्मेलन गुरुवार को नीलगंगा स्थित शिवांजलि गार्डन में आयोजित हुआ। सम्मेलन संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया कि अध्यक्षता में हुआ। जिसमे पत्रकार सुरक्षा कानून, एआई चुनौतियां एवं निष्पक्ष पत्रकारिता सहित अन्य विषयों पर मंथन हुआ। इस अवसर पर महामंडलेश्वर शैलेषानंद गिरी जी महाराज, रामकथा व्यास सुलभ शांतु गुरु जी, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. रविंद्र सोलंकी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बड़े भाई एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव मंच पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत में जिलाध्यक्ष डॉ. राहुल कटारिया ने सभी अतिथियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया और स्वागत उद्बोधन दिया। मंच पर महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सह संयोजक प्रगति श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र राठौड़, प्रदेश मंत्री डॉ. नरेंद्र राजावत, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र पुरोहित, संभागीय अध्यक्ष मनोज जैन, जिला महासचिव डॉ. घनश्याम शर्मा और छतरपुर संभाग के जिला महामंत्री प्रतीक खरे विशेष रूप से मौजूद थे`संचालन शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने किया एवं आभार प्रदेश का कार्यसमिति सदस्य गोविंद सोलंकी ने माना।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया ने पत्रकारिता की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को राजनेताओं और अधिकारियों की गोद में बैठना बंद कर समाज की गोद में बैठना चाहिए। पत्रकार का काम सत्ता की चापलूसी करना नहीं, बल्कि जनता की आवाज बनना है।

भदौरिया ने कहा कि हम पत्रकारों को सुरखाब के पर नहीं लगे हैं और न ही हम कहीं से लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं। यह सब मन को समझाने की बातें हैं। असलियत में पत्रकार की पहचान उसके काम से होती है, पदवी से नहीं। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि आज पत्रकार बलात्कार जैसी संवेदनशील खबरों में भी रंग भरकर सनसनी बनाने से बाज नहीं आते। ऐसी खबरों से बचना चाहिए और तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर प्रकाशन नहीं करना चाहिए। इससे समाज में गलत संदेश जाता है। उन्होंने पौराणिक संदर्भ देते हुए कहा कि नारद जी हमारे पूर्वज हैं और हमें भी नारद बनकर ही पत्रकारिता करनी चाहिए। नारद जी की विशेषता थी कि वे देवताओं के हितैषी होते हुए भी राक्षसों के बीच सम्मान पाते थे। इसका मतलब है कि पत्रकार को निष्पक्ष होना चाहिए। न किसी का पक्ष लेना है और न विपक्ष बनना है। सिर्फ सच के साथ खड़ा होना है। भदौरिया ने एकजुटता का आह्वान करते हुए कहा कि जब पूरे देश में जातिवाद चल रहा है तो हम पत्रकार पत्रकारितावाद क्यों नहीं कर सकते। पत्रकार सिर्फ पत्रकार होता है।

### नरसिम्हा वारियर्स बनी क्रिकेट चैंपियन, माहेश्वरी समाज का पुरस्कार वितरण 28 को

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री माहेश्वरी समाज युवा संगठन द्वारा आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के समापन के बाद 28 जून, रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम छोटा सराफा स्थित श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर के माहेश्वरी भवन में संपन्न होगा। समापन समारोह में समाज के मेधावी विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। युवा संगठन द्वारा तैराकी, खो-खो, सितोलिया और क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। क्रिकेट प्रतियोगिता में लक्की ड्रॉ के माध्यम से 8 टीमें बनाई गई थीं। इसका फाइनल मैच माहेश्वरी सुपर किंग्स और नरसिम्हा वारियर्स के बीच खेला गया, जिसमें नरसिम्हा वारियर्स ने खिताबी जीत दर्ज की। युवा संगठन ने विजेता व उपविजेता टीमों को बधाई दी। इसके अलावा हाल ही में हुए कवि सम्मेलन की भी समाजजनों ने भरपूर सराहना की है। इससे पूर्व 23 जून को महेश नवमी पर्व पर गोलामण्डी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने उपस्थित होकर महाप्रसादी ग्रहण की थी। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में श्री माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष राधेश्याम चोखड़ा, महिला मंडल अध्यक्ष उषा भट्टड़, प्रगति मंडल अध्यक्ष समीता लखोटिया, मालवांचल प्रदेश सभा के संयुक्त सचिव ओमप्रकाश काबरा, महेश नवमी पर्व संयोजक निलेश कोठारी मौजूद रहेंगे।

# कालिदास अकादमी में रविवार को मंचेगा सिंधी नाटक 'मिट्टीअ लधो मानु'

### अरब आक्रांताओं से सिंध की रक्षा करने वाले सम्राट दाहिर सेन के शौर्य की मिलेगी झलक, फोल्डर का हुआ विमोचन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सिंध के अंतिम हिंदू शासक सिंधुपति सम्राट दाहिर सेन की स्मृति में शहर में भव्य सिंधी नाटक 'मिट्टीअ लधो मानु' का मंचन किया जाएगा। आयोजन के तहत नाटक के फोल्डर का विमोचन भी किया गया। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि यह आयोजन रविवार 28 जून को शाम 7:30 बजे से कालिदास संस्कृति अकादमी के संकुल सभागार में होगा।

यह आयोजन सिंधी साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा भारतीय सिंधु सभा और सिंधु जागृत समाज उज्जैन के सहयोग से किया जा रहा है। सिंधी साहित्य अकादमी भोपाल के निदेशक राजेश कुमार वाधवानी के अनुसार इस नाटक के लेखक मोहन गेहाणी और निर्देशक अशोक बुलानी हैं। इसकी प्रस्तुति भोपाल के 'रंग समूह' द्वारा दी जाएगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रताप रोहरा, महेश परियानी, रमेश गजरानी, महेश गंगवानी, रमेश सामदानी, दौलत खेमचंदानी, गोपाल बलवानी, अजय रोहरा, जवाहर जय सिंघानी, दीपक ज्ञानचंदानी, तुलसी राजवानी और ललित लुल्ला सहित अन्य पदाधिकारी व समाजजन सक्रिय रूप से जुटे हैं।

नाटक के माध्यम से सम्राट दाहिर सेन के जीवन और उनके सर्वोच्च बलिदान से आमजन को अवगत कराया जाएगा। राजा चाच के पुत्र दाहिर सेन ने लगभग 679 ईस्वी से 712 ईस्वी तक अलोर को राजधानी बनाकर सिंध साम्राज्य पर शासन किया था। उन्होंने लगभग 30 वर्षों तक अपने राज्य को विदेशी आक्रमणों से सुरक्षित रखा और अरब आक्रमणकारी मुहम्मद बिन कासिम का वीरतापूर्वक सामना किया।

# हिंदी पत्रकारिता की नर्सरी थे ठाकुर शिवप्रताप सिंह, 11 साहित्यकारों का हुआ सम्मान

### स्मृति साहित्यकार सम्मान समारोह आयोजित, वक्ताओं ने कहा- चंदेल परिवार आगे बढ़ा रहा निर्भीक पत्रकारिता की परंपरा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मूर्धन्य पत्रकार ठाकुर शिवप्रताप सिंह की कलम में ऐसा जादू था कि उनसे बड़े-बड़े कांपते थे। वे केवल पत्रकार ही नहीं, बल्कि कलम के सच्चे सिपाही थे। उनकी इसी निर्भीक परंपरा और मशाल को अग्निपथ व चंदेल परिवार आगे बढ़ा रहा है। यह बात ठाकुर शिवप्रताप सिंह स्मृति साहित्यकार सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. शिव चौरसिया ने कही। समारोह में शहर के 11 साहित्यकारों को शॉल और सम्मान पत्र देकर अलंकृत किया गया।

आयोजन की जानकारी देते हुए चंद्रभान सिंह चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष अतिथि सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. शैलेंद्रकुमार शर्मा ने कहा कि ठाकुर शिवप्रताप सिंह ने हिंदी पत्रकारिता में प्रदेश का गौरव बढ़ाया। वे पत्रकारिता की नर्सरी थे और उनके द्वारा रोपे गए मूल्यों से हम कभी उऋण नहीं हो पाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रख्यात चित्रकार डॉ. श्रीकृष्ण जोशी ने इस प्रेरक परंपरा को जीवंत रखने के लिए चंदेल परिवार की सराहना की।

समारोह में साहित्यकार दिलीप जैन, अमृता उषारिया, शशांक दुबे, सीमा पंड्या, शीला व्यास, संगीता तल्लेरा, संदीप 'सृजन', डॉ. राजेश रावल 'सुशील', आरिफ अफजल, डॉ. विजय सुखवानी और गोपाल 'गर्वित' को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सतीश गौड़ और सुरेंद्रमोहन अग्रवाल ने ठाकुर शिवप्रताप सिंह के साथ अपनी सुनहरी स्मृतियां साझा कीं। वहीं, वी.एस. गहलोत 'साकित', मानसिंह 'शरद', सुगनचंद्र जैन, डॉ. रफीक नागौरी और अमित जैन ने उन्हें अपनी काव्यमय श्रद्धांजलि प्रस्तुत की।

शुरूआत में आशीष श्रीवास्तव 'अश्क' ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। स्वागत भाषण अनिल सिंह चंदेल ने दिया। अतिथियों का स्वागत अर्जुन सिंह चंदेल, सोमानी, उदयभानु सिंह चंदेल, बी.एल. सोनी, हरदयाल सिंह ठाकुर, एस.एन. शर्मा और डॉ. संजय नागर आदि ने किया।

### आस्था का केंद्र बने मंदिर, व्यवसाय का नहीं

# विहिप ने आरोपों को बताया निराधार, खुली चर्चा की दी चुनौती

## महाकाल मंदिर की सशुल्क एवं अतिविशिष्ट दर्शन व्यवस्था पर विहिप का सवाल, प्रबंधन समिति से मांगा सार्वजनिक जवाब

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने मंदिर प्रशासन पर भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप लगाते हुए प्रोटोकॉल एवं सशुल्क दर्शन से जुड़े सभी आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग की। साथ ही, अतिविशिष्ट व्यवस्था एवं सशुल्क दर्शन व्यवस्था के विरुद्ध किए गए विरोध में महाकाल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा अपना मत प्रस्तुत न कर पाने की दशा में अप्रमाणिक जानकारी समाज के मध्य प्रसारित करने वाले घृणित कार्य को किया, यह अत्यंत निंदनीय है।

विहिप को बदनाम करने की नियत से यह झूठी अफवाह मंदिर के प्रशासक द्वारा अपनी कमी एवं प्रबंधन की असफलता को छुपाने के लिए फैलाई गई है, जिससे हजारों कार्यकताओं की छवि धूमिल हुई है तथा समाज में भ्रम का वातावरण व्याप्त हुआ है। विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल मंदिर में निरंतर अर्थार्जन/धन संग्रह के दृष्टिकोण के साथ प्रयोग एवं आविष्कार करना मंदिर समिति की प्रवृत्ति बन चुकी है। मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र है, इसे व्यावसायिक केंद्र बनाकर निरंतर मंदिर की छवि को क्षति पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है। जो भी दान हो, वह श्रद्धालुओं की श्रद्धा के अनुसार मिलना ही शास्त्रसम्मत है। हमारा मंदिर समिति से निवेदन है कि मंदिर समिति के द्वारा जो भी प्रोटोकॉल दर्शन विगत छह माह में हुए हैं, सशुल्क अथवा निशुल्क हुए हैं, वे किसी भी राजनैतिक संगठन, सामाजिक संगठन, प्रशासनिक, न्यायिक, व्यावसायिक, औद्योगिक, शासकीय, अशासकीय, जनप्रतिनिधि आदि के द्वारा सार्वजनिक किए जाएँ। विश्व हिंदू परिषद के द्वारा जितनी भी भस्म आरतियाँ हुई हैं, वे सभी सशुल्क हैं। राजस्व की हानि का विषय झूठा, निराधार, तथ्यहीन एवं स्वयं की अकर्मण्यता को छुपाने के लिए कहा गया है। यदि यह आंकड़े सत्य हैं तो मीडिया के समक्ष प्रस्तुत किए जाएँ। अप्रमाणिक जानकारी न केवल आपकी कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न है, अपितु संपूर्ण प्रबंधन समिति ही शंका के घेरे में है, क्योंकि यह जो जजिया कर वाली ?200, ?250 एवं ?500 की सशुल्क दर्शन व्यवस्था है, वह किस प्रकार से मंदिर के अनुरूप एवं शास्त्रसम्मत है? जहाँ राजा, रंक, व्यवसायी, अधिकारी, सभी एक समान होते हैं, वहाँ अतिविशिष्ट गर्भगृह दर्शन किस प्रकार से न्यायसंगत हो सकता है? मंदिर में सैकड़ों किलोमीटर दूर से आने वाले श्रद्धालुओं को गर्भगृह दर्शन तो दूर, अपितु सुलभता से दर्शन भी उपलब्ध नहीं हो पाते तथा उनके साथ अभद्र व्यवहार एवं मारपीट की जाती है, जो कि अत्यंत निंदनीय है। विहिप मंदिर की व्यवस्था बनाने में हमेशा से ही सहयोग करता रहा है। यदि मंदिर समिति चाहे तो समाज के समक्ष खुली वार्ता के लिए तैयार है। विहिप बजरंग दल सदैव सनातन हिंदू धर्म, मठ, मंदिर एवं सर्व हिंदू समाजजन की सेवा के लिए तत्पर है। संपूर्ण जानकारी विश्व हिंदू परिषद सह-प्रचार-प्रसार प्रमुख राज जोशी द्वारा दी गई।

# नव नियुक्त जिला अध्यक्ष का सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के आदेश तथा प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम एवं जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ की सहमति से शंभूसिंह चौहान (मोगिया) को उज्जैन ग्रामीण जिला अध्यक्ष अजजा नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं एवं ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। नियुक्ति के बाद उज्जैन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकताओं ने नव नियुक्त जिला अध्यक्ष शंभूसिंह चौहान (मोगिया) का ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया। कार्यकताओं ने साफा बांधकर एवं फूलमालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान शंभूसिंह चौहान (मोगिया) ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने विश्वास जताकर जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। पार्टी की योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने और आमजन को उनका लाभ दिलाने के लिए पूरी मेहनत से कार्य करेंगे। इस मौके पर कालूराम सोलंकी, राहुल भाटी, मुकेश भाटी, मनोहर सिंह चौहान, रवि डाबी, राहुल पंवार, तरुण डाबी, महेंद्र भाटी, राजेंद्र पवार, कमल सिंह डाबी, भैरू सिंह डाबी, राहुल चौहान, करण सिंह डाबी, राजेंद्र डाबी, सुनील कंडारे आदि लोक उपस्थित थे। यह जानकारी राहुल भाटी ने दी।

# दैनिक ब्रह्मास्त्र


अग्रे वह्निः पृष्ठेभानुः रात्रौ चुबुकसमर्पितजानुः।
करतलभिक्षस्तरुतलवासः तदपि न मुञ्चत्याशापाशः॥

अर्थः सूर्यास्त के बाद, रात्रि में आग जला कर और घुटनों में सर छिपाकर सर्दी बचाने वाला, हाथ में भिक्षा का अन्न खाने वाला, पेड़ के नीचे रहने वाला भी अपनी इच्छाओं के बंधन को छोड़ नहीं पाता है।

## खबर एक नजर...

### सरकारी इमामबाड़े से ताजिया कर्बला पहुंचा

**इंदौर।** राजवाड़ा सरकारी इमामबाड़े से ताजिया कर्बला पहुंचा, जिसमें हजारों की संख्या में सभी समाज के लोग शामिल हुए। सरकारी ताजिया इंदौर के राजघराने के महाराज तुकोजीराव होलकर के जमाने से बनता आ रहा है। ताजिया बनाने की राशि होलकर परिवार की तरफ से ही दी जाती रही है। आज भी वही परंपरा है की सरकारी ताजिया हो राजवंश के परिवार की तरफ से तैयार किया जाता है। सरकारी ताजिया के पीछे ही शहर भर के सभी ताजिए कर्बला की तरफ प्रस्थान करते हैं । जुलूस में छोटे-छोटे बच्चे शेर बनकर आए थे। वहीं, रास्ते पर जुलूस का सभी धर्म के लोगों ने स्वागत सत्कार किया। कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सांसद ओबेदुल्ला खान के प्रतिनिधि तारीख खान, हाई कोर्ट बार के अध्यक्ष मनीष यादव, दानिश खान ने भी मंच लगाकर अखाड़े और ताजिए का स्वागत कर हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल पेश की।

### इंदौर में कर्बला मैदान पर लगेगा 3 दिवसीय मेला

**इंदौर।** कर्बला मैदान पर मेले के आयोजन को लेकर चल रहे विवाद में शुक्रवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने नगर निगम की मेयर इन काउंसिल द्वारा मेले की अनुमति निरस्त करने के आदेश को रद्द कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद कर्बला मैदान पर तीन दिनों तक मेले के आयोजन का रास्ता साफ हो गया है। दरअसल, नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने पहले कर्बला मैदान पर मेले के आयोजन की अनुमति जारी की थी। इसके बाद सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से मामला चर्चा में आने पर मेय पुष्यमित्र भार्गव गुरुवार को वर्चुअल एमआईसी की आपात बैठक बुलाई थी। बैठक में पिछले वर्षों के अनुभवों और अनुमति की शर्तों के कथित उल्लंघन का हवाला देते हुए मेले की अनुमति निरस्त करने का निर्णय लिया गया था। एमआईसी के इस निर्णय के बाद मेले के आयोजकों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और निगम के फैसले को चुनौती दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अवकाश के दिन विशेष सुनवाई की गई। इसमें याचिकाकर्ता कर्बला कमेटी की ओर से सीनियर एडवोकेट अशहर वारसी ने कोर्ट को बताया कि निगम कमिश्नर ने इस मामले में पहले अनुमति दी है। एमआईसी को इसे रद्द करने का अधिकार नहीं है। यह भी तर्क दिया कि एमआईसी ने जब इसे रद्द किया तो संबंधित पक्ष को विश्वास में नहीं लिया। इसके सहित अन्य ठोस तर्क दिए। इंदौर बेंच के जस्टिस पवन कुमार द्विवेदी ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद एमआईसी के आदेश को निरस्त कर दिया।

### इंदौर में थाने के बाहर पुलिस को दी खुली चुनौती

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा थाने के बाहर पुलिस के खिलाफ अपशब्द कहने और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस युवक की तलाश में जुट गई है। पुलिस के अनुसार कालिंदी गोल्ड क्षेत्र निवासी पंकज मालवीय को एक महिला की शिकायत के संबंध में पूछताछ के लिए दो दिन पहले बाणगंगा थाने बुलाया गया था। पूछताछ के बाद थाने से बाहर निकलते ही पंकज ने मोबाइल से वीडियो बनाया, जिसमें उसने पुलिस के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और किसी भी कार्रवाई से नहीं डरने की बात कही। वीडियो में उसने यहां तक कहा कि उसे जेल जाने का भी कोई डर नहीं है। बताया जा रहा है कि पंकज ने यह वीडियो गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड कर दिया। वीडियो वायरल होने की जानकारी मिलते ही बाणगंगा थाना पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है और मामले में कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। गौरतलब है कि तीन दिन पहले परदेशीपुरा, एमआईजी और लसूड़िया क्षेत्र में सक्रिय बदमाशों के साथियों का भी एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वे होटल में जन्मदिन पार्टी के दौरान खुलेआम चाकू लहराते नजर आए थे। बताया गया था कि दोनों युवक लखन और सूरज जाट गिरोह से जुड़े हैं और उनके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। हालांकि पुलिस अब तक उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकी है। लगातार सामने आ रहे ऐसे वीडियो पुलिस के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं। खुलेआम वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की घटनाओं ने कानून-व्यवस्था और पुलिस की कार्रवाई को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं।

### लक्ष्मीबाई नगर मंडी में व्यापारियों के प्लॉट से हटाई गईं झुग्गियां

**इंदौर।** लक्ष्मीबाई नगर अनाज मंडी प्रांगण में व्यापारियों के आवंटित प्लॉटों पर वर्षों से झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रहने वाले लोगों पर मंडी प्रशासन ने कार्रवाई की। मंडी समिति ने भारी पुलिस बल के साथ झोपड़ियों को हटा दिया। अतिक्रमण हटाने के साथ मंडी में रात में होने वाली नशाखोरी, चोरी-डकैती पर अंकुश लगाने के लिए नया प्लान लागू किया है। अब रात 10 बजे बाद मंडी परिसर में बाहरी लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया। रात में अनावश्यक रूप से खड़े रहने वाले ट्रकों और अनधिकृत वाहनों को भी परिसर से बाहर खदेड़ा जा रहा। पुलिस द्वारा क्षेत्र में गश्त बढ़ाई गई है। मंडी समिति ने पुलिस को बताया कि कई असामाजिक तत्व मंडी की सुरक्षा के लिए लगाई गई लोहे की जालियों को क्षतिग्रस्त कर रात में प्रांगण में प्रवेश करते हैं, जिससे चोरी-डकैती की आशंका रहती है। सुरक्षाकर्मी टोकते हैं तो इन तत्वों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जाती है। ऐसी ही कार्रवाई चोइथराम मंडी में भी की गई थी, जहां रात में अनधिकृत वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई।

---

### मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष और मध्य प्रदेश क्रिकेट लीग के फाउंडर महानआर्यमन सिंधिया ने कहा

# विश्व की पहली एआई संचालित क्रिकेट लीग वाला पहला राज्य बना मप्र

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष और मध्य प्रदेश क्रिकेट लीग के फाउंडर महानआर्यमन सिंधिया ने कहा है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्रिकेट प्रशासन की कार्यप्रणाली को पूरी तरह बदल देगा। एआई के उपयोग से खिलाड़ी चयन, पंजीयन, वित्तीय प्रबंधन और जिला इकाइयों के साथ समन्वय में पारदर्शिता बढ़ेगी और पक्षपात की शिकायतों पर भी अंकुश लगेगा।

शुक्रवार को इंदौर में आयोजित प्रेस वार्ता में महानआर्यमन सिंधिया ने कहा कि क्रिकेट आज देश के लिए एक खेल से बढ़कर जुनून बन चुका है। ऐसे में एमपीसीए और एमपीएल तकनीक की मदद से क्रिकेट को अधिक आधुनिक, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस अवसर पर भारत की तेजी से उभरती एआई कंपनी इमरजेंट एआई के फाउंडर मुकुंद झा भी मौजूद रहे।

महानआर्यमन सिंधिया ने बताया कि नए एआई प्लेटफॉर्म के माध्यम से खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन सत्यापन और प्रदर्शन का पूरा रिकॉर्ड डिजिटल रूप से उपलब्ध रहेगा। खिलाड़ी ने कितने रन बनाए, कितने विकेट लिए और कितने मैच खेले, इसका पूरा डेटा सिस्टम में दर्ज होगा।

उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया को अधिक निष्पक्ष बनाने के लिए एआई पहले संभावित खिलाड़ियों की सिफारिश करेगा, जिसके आधार पर चयनकर्ता अंतिम निर्णय लेंगे। इससे चयन में पारदर्शिता बढ़ेगी और खिलाड़ियों के बीच पक्षपात को लेकर उठने वाले सवाल कम होंगे।

**एमपीसीए को तकनीक के क्षेत्र में भी बनाना चाहते हैं मॉडल -** महानआर्यमन सिंधिया ने कहा कि एमपीसीए और एमपीएल ने हमेशा नए प्रयोग किए हैं और अब तकनीक के उपयोग में भी राष्ट्रीय स्तर पर उदाहरण बनने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि अन्य क्रिकेट संघ भी इस मॉडल को अपनाकर अपने प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी बना सकेंगे।

#### जिलों को मिलने वाली राशि और अनुदान प्रक्रिया भी होगी ऑनलाइन

- सिंधिया ने कहा कि जिला और संभागीय इकाइयों को मिलने वाले अनुदान तथा वित्तीय प्रक्रियाओं को भी पूरी तरह डिजिटल किया जाएगा। एआई आधारित प्लेटफॉर्म आवेदन में होने वाली त्रुटियों की तत्काल पहचान कर संबंधित इकाई को सुधार के लिए सुझाव देगा।
- उन्होंने बताया कि आवेदन की स्थिति, जांच प्रक्रिया और भुगतान की समय-सीमा जैसी सभी जानकारियां संबंधित अधिकारियों और इकाइयों को मोबाइल एवं डैशबोर्ड पर उपलब्ध होंगी। इससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध बनेगी।

#### हिंदी में बताइए, एआई बना देगा सॉफ्टवेयर

- एआई कंपनी इमरजेंट एआई के फाउंडर मुकुंद झा ने कहा कि उनकी कंपनी ऐसा प्लेटफॉर्म डेवलप कर रही है, जहां बिना किसी तकनीकी ज्ञान के लोग केवल हिंदी या अंग्रेजी में अपनी जरूरत बताकर सॉफ्टवेयर तैयार कर सकते हैं।
- उन्होंने बताया कि उपयोगकर्ता आवाज या साधारण भाषा में यह बताए कि उसे किस प्रकार का मोबाइल एप, वेबसाइट, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म या प्रबंधन प्रणाली चाहिए, तो एआई कुछ घंटों में उसका प्रारूप तैयार कर सकता है।
- झा के अनुसार, कंपनी का प्लेटफॉर्म वर्तमान में 190 देशों में उपयोग किया जा रहा है और लाखों लोग इसके माध्यम से विभिन्न प्रकार के डिजिटल समाधान तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एआई की मदद से देश में डिजिटलीकरण की रफ्तार और तेज होगी और तकनीक आम लोगों तक आसानी से पहुंच सकेगी।

---

### इंदौर में 'एमडी ड्रग्स' निकली यूरिया

# बर्खास्त पुलिसकर्मी कोर्ट से बरी

## अब 2 आईपीएस सहित 19 पुलिसकर्मियों पर लगाया साजिश का आरोप

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर पुलिस ने 16 महीने पहले अपने ही विभाग के एक पुलिसकर्मी को ड्रग्स माफिया बताया था। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से करोड़ों रुपए की 198 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त करने का दावा किया गया था।

दोनों के बयानों के आधार पर पुलिसकर्मी को गिरफ्तार कर सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। हालांकि, जब जांच हुई तो पूरा मामला पलट गया, जिसे एमडी ड्रग्स बताकर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई का दावा किया था, वह भोपाल की लैब में हुई जांच में यूरिया निकली। दोबारा हैदराबाद की लैब में जांच कराई गई। वहां भी यूरिया ही पाई गई।



आखिरकार, हाल ही में कोर्ट ने पुलिसकर्मी समेत उन दोनों आरोपियों को भी बरी कर दिया। अब बर्खास्त पुलिसकर्मी लखन गुप्ता ने दो आईपीएस अधिकारियों समेत 19 पुलिस कर्मियों पर साजिश का आरोप लगाया है। उन्होंने इंदौर की विशेष कोर्ट में परिवाद दायर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस पर आज 27 जून को सुनवाई होना है।

#### पहले भोपाल, फिर हैदराबाद में हुई जांच

26 फरवरी 2025 को एसआई रवि बट्टी, मनोज दुबे, दो प्रधान आरक्षक और दो आरक्षकों ने रालामंडल क्षेत्र से संदेह के आधार पर विजय पाटीदार और शाहनवाज शेख को पकड़ा था। उनके पास से करीब 198 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद होने का दावा किया गया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने लखन गुप्ता का नाम लिया। जांच एसआई अविनाश नागर को सौंपी गई थी। जब्त कथित एमडी ड्रग्स के दो सैंपल 15 अप्रैल 2025 को भोपाल स्थित लैब में परीक्षण के लिए भेजे गए। 27 जून 2025 को आई रिपोर्ट में पदार्थ को यूरिया बताया गया और स्पष्ट किया गया कि वह नारकोटिक्स नहीं है। इसके बाद जांच अधिकारी को खात्मा पेश करने के निर्देश दिए गए। हालांकि, पुलिस ने कोर्ट में आवेदन देकर हैदराबाद की सेंट्रल लैब में दोबारा जांच कराने की अनुमति मांग ली थी। अनुमति मिलते ही सैंपल हैदराबाद भेजे गए। 19 दिसंबर 2025 को आई दूसरी रिपोर्ट में भी जब्त पदार्थ को यूरिया ही बताया गया। इसके बाद कोर्ट ने इसी रिपोर्ट के आधार पर बर्खास्त पुलिसकर्मी लखन गुप्ता और अन्य आरोपी विजय, शाहनवाज को बरी कर दिया।

---

# इंदौर में जुए के अड्डे पर हुई थी चाकूबाजी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के भंवरकुआं थाना क्षेत्र में बर्थडे पार्टी के दौरान शराब के नशे में हुआ विवाद खूनी झड़प में बदल गया। आरोप है कि कहासुनी के बाद एक युवक के चेहरे और गले पर चाकू से हमला किया गया, जबकि उसके भाई के सिर पर कांच की बोतल मारकर घायल कर दिया गया। शुरूआती जानकारी में पूरा विवाद जुए के अड्डे पर हुआ। मामले में पूछताछ के डर से उसे दबा दिया गया।

पुलिस के अनुसार, शुभ संप्रदा कॉलोनी निवासी राहुल धामेलिया ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने भाई लखन धामेलिया के साथ सीएनजी पंप के पास चोइथराम मंडी क्षेत्र में दोस्तों शानू और शुभम से मिलने गया था। वहां सज्जू सिधवानी, गिरी महाराज और अन्य लोग भी मौजूद थे। सभी मिलकर बर्थडे पार्टी मना रहे थे।

शिकायत के मुताबिक, पार्टी के दौरान शराब के नशे में सज्जू सिधवानी ने राहुल के भाई लखन के साथ अभद्रता और गाली-गलौज की। विरोध करने पर उसने गिरी महाराज और अन्य साथियों को बुला लिया। इसके बाद सभी ने मिलकर राहुल और लखन के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इसी दौरान सज्जू ने चाकू से लखन के चेहरे और गले पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं एक अन्य आरोपी ने राहुल के सिर पर कांच की बोतल मार दी, जिससे उसे भी चोट आई। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को घायल लखन को एमवाय अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने चोट का कारण पूछा तो परिजन ने वाहन से गिरने की बात कही और पुलिस को सूचना देने से भी इनकार कर दिया।

---

# लोन की किश्त नहीं चुकाने पर बुजुर्ग को धमकी...

## इंदौर में रिकवरी एजेंट पर गाली-गलौज और अश्लील टिप्पणी का केस दर्ज

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के एमआईजी थाना क्षेत्र में एक फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंट पर लोन की किश्त नहीं चुकाने पर 62 वर्षीय बुजुर्ग ग्राहक को फोन पर गाली देने, उनकी बेटी के संबंध में अश्लील टिप्पणी करने और घर का ताला तोड़कर जबरन वसूली की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार नेहरू नगर निवासी रामचंद्र सोनकुसरे (62) ने शिकायत में बताया कि उन्होंने अक्टूबर 2025 में एक फाइनेंस कंपनी से 1.48 लाख रुपए का लोन लिया था, जिसकी अदायगी तीन वर्ष की मासिक किश्तों में की जानी थी। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह जून माह की किश्त जमा नहीं कर सके।

**एजेंट ने बुजुर्ग को फोन पर धमकाया-** शिकायत के मुताबिक 25 जून को सुबह करीब 11:44 बजे उनके मोबाइल पर एक नंबर से लगातार कॉल आने लगे। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को बजाज फाइनेंस का रिकवरी एजेंट श्याम बताते हुए किश्त जमा नहीं करने पर धमकाना शुरू कर दिया। बुजुर्ग द्वारा फोन काटने के बाद भी आरोपी ने कई बार कॉल किए।



**पुलिस ने शुरू की जांच-** फरियादी का आरोप है कि बातचीत के दौरान आरोपी ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया, बेटी के संबंध में अश्लील टिप्पणी की और अपने साथियों के साथ घर का ताला तोड़कर जबरन वसूली करने की धमकी दी। धमकियों से परेशान होकर रामचंद्र सोनकुसरे एमआईजी थाने पहुंचे और कथित रिकवरी एजेंट श्याम तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही कॉल डिटेल और संबंधित नंबर की भी जांच की जा रही है।

---

### गैस पाइपलाइन हादसा : कंटेंट क्रिएटर जिनी को एयरलिफ्ट किया

# आईसीयू से बाहर आते ही कराहते हुए बोली- मेरी हालत के लिए जिम्मेदार पार्षद, अधिकारियों पर एफआईआर क्यों नहीं?

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

गैस पाइप लाइन हादसे में झुलसी कंटेंट क्रिएटर गिरी राजकुमारी उर्फ जिनी झाला को आज हाई कोर्ट के आदेश के बाद एयरलिफ्ट कर अहमदाबाद ले जाया गया। वहां अब उसका इलाज जाइडस हॉस्पिटल में चलेगा। उसे ठीक होने में तीन से चार माह का समय लगेगा।

इसके पूर्व गुरुवार को हाई कोर्ट के आदेश के बाद शाम को डॉक्टरों की टीम ने उसकी जांच की और अपनी रिपोर्ट तैयारी की। शुक्रवार सुबह उसे अहमदाबाद ले जाने की तैयारी की गई। इस दौरान आईसीयू से जैसे ही उसे बाहर लाया तो कराह रही थी। बातचीत करने पर उसने कहा कि मेरी हालत के लिए पार्षद, अधिकारी जिम्मेदार है। इनके खिलाफ क्यों कार्रवाई नहीं की गई? इनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। इसके साथ ही अपना दर्द साझा किया।



इस मौके पर उनके माता-पिता नवल-धर्मेंद्रसिंह झाला ने भी दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। मंगेतर रजत प्रतापसिंह ने कहा कि शुरू से ही इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। स्थानीय पार्षद बालमुकुंद सोनी ही वहां बोरिंग करा रहे थे। वे झूठ बोल रहे थे कि वाटर हार्वेस्टिंग का काम चल रहा है। इसके लिए वे मुख्य रूप से जिम्मेदार है।

**जब प्रतिबंध है तो कैसे हो रहा था बोरिंग-** रजत ने कहा घटना के बाद मौके और अस्पताल में न तो अधिकारी पहुंचे और न जनप्रतिनिधि। पुलिस ने खानापूर्ति के बोरिंग वाहन जब्त कर ठेकेदार और ड्राइवर पर एफआईआर दर्ज कर ली जबकि जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं की। रजत प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि लोकल लेवल पर बिना अनुमति बोरिंग का काम कराया जा रहा था, जबकि प्रशासन ने 30 जुलाई तक बोरिंग पर प्रतिबंध लगा रखा है।

उन्होंने कहा कि जिनी के हाथ की त्वचा की दो लेयर्स पूरी तरह जल चुकी हैं, जबकि तीसरी लेयर भी गंभीर रूप से प्रभावित है। एक सर्जरी हो चुकी है। अभी तीन और सर्जरी होना बाकी हैं। उन्हें पूरी तरह ठीक होने में कम से कम तीन से चार महीने लगेंगे। उधर, हादसे में घायल गोपाल मालाकार (10-15 प्रतिशत बर्न) और सुभाष ठाकुर (10-12 प्रतिशत बर्न) की हालत ठीक है।

**जांच में जुटी तीन अधिकारियों की टीम-** इस मामले में नगर निगम ने जांच के लिए जो तीन सदस्यीय टीम बनाई है। इसमें आशीष पाठक (अपर आयुक्त), आसित खरे (कार्यपालन यंत्री) और पीएस कुशवाह (कार्यपालन यंत्री) हैं। यह कमेटी दो दिनों में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

---

### शराब दुकान पर हुई थी पहचान, साथी से 40 हजार के जाली नोट और प्रिंटिंग मशीन जब्त

# 200 रुपये का नकली नोट चलाने रेस्टोरेंट पहुंचा था युवक

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में 200 रुपये का नकली नोट चलाने एक युवक रेस्टोरेंट पहुंचा, लेकिन संचालक की सतर्कता से पकड़ा गया। पूछताछ में उसके साथी का नाम सामने आया, जिसके पास से 40 हजार रुपये के नकली नोट और नोट छापने में इस्तेमाल होने वाली प्रिंटिंग मशीन बरामद की गई। आरोपी को इससे पहले दो बार एसटीएफ भी नकली नोट के मामलों में गिरफ्तार कर चुकी है।



गांधी नगर थाना प्रभारी अनिल यादव के मुताबिक, 25 जून को राजनगर निवासी यशवंत यादव अपने सांवरिया रेस्टोरेंट पर मौजूद थे। इसी दौरान दीपक नामक युवक वहां पहुंचा और भुगतान के लिए 200 रुपये का नोट दिया। नोट संदिग्ध लगने पर संचालक और कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया।

पूछताछ में उसने संजय नाम के युवक का नाम बताया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संजय और उसके साथी रवि को भी गिरफ्तार कर लिया।

#### शराब दुकान पर हुई थी पहचान

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि दीपक और संजय की पहचान एक शराब दुकान पर हुई थी, जहां दोनों सेल्समैन के रूप में काम करते थे। इसी दौरान संजय ने दीपक को बताया था कि उसका एक दोस्त ऐसे नोट तैयार करता है, जो बिल्कुल असली जैसे दिखते हैं। बाद में दीपक ने नौकरी छोड़ दी और ट्रक ड्राइवर बन गया, जबकि संजय इंदौर आ गया। कुछ समय बाद दीपक ने संजय से संपर्क किया तो उसने खुद को काफी पैसे वाला बताते हुए नकली नोटों का धंधा करने की जानकारी दी और उसे इंदौर बुला लिया।

#### एक हजार देने पर चार हजार के नकली नोट

दोनों के बीच सौदा तय हुआ कि 1 हजार देने पर 4 हजार के नकली नोट दिए जाएंगे। पुलिस के मुताबिक दीपक ने पहली बार ही संजय से नकली नोट लिए थे और उन्हें चलाने की कोशिश में पकड़ा गया। रवि भी संजय के साथ ही रहता था। संजय के खिलाफ पहले से एसटीएफ थाने में नकली नोटों से जुड़े दो प्रकरण दर्ज हैं।

# एमपी के 43 जिलों में आज बारिश का अलटःएंट्री के बाद ठहरा मानसून, 2-3 दिन और इंतजार; ग्वालियर-चंबल में सबसे लेट पहुंचेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



मध्य प्रदेश के दक्षिण-पूर्वी हिस्से के 15 जिलों में एंट्री करने के बाद मानसून ठहर गया है। पिछले 3 दिन से मानसून आगे नहीं बढ़ा है, जबकि अगले 2 से 3 दिन और इंतजार करना पड़ सकता है। मौसम केंद के मुताबिक, मानसून आगे बढ़ा तो पहले यह भोपाल-उज्जैन संभाग में पहुंचेगा। आखिरी में ग्वालियर-चंबल में दस्तक देगा।

बता दें, कि 24 जून को प्रदेश में मानसून एंटर हुआ था। आलीराजपुर, इंदौर, हरदा, धार, बैतूल, खंडवा, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, खरगोन, सिवनी, बालाघाट, मंडला, बड़वानी, डिंडौरी में 24 जून को मानसून के आने की घोषणा हो गई थी, लेकिन इसके बाद यह आगे नहीं बढ़ा। मौसम विभाग ने बताया कि अगले 2-3 दिन में मध्य प्रदेश के कुछ और हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने की परिस्थितियां अनुकूल है। मौसम विभाग ने शनिवार को भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह और छतरपुर में बारिश होने का अनुमान जताया है। ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, नीमच, मंदसौर, निवाड़ी और टीकमगढ़ जिले में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है।

# भोपाल में विधायक पुत्र से मारपीट मामले में नया मोड़

## आरोपी की मां बोली- थाने में भी मेरे बेटों को पीटा गया; पुलिस कमिश्नर से की शिकायत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित एमएलए रेस्ट हाउस के बाहर कांग्रेस विधायक दिनेश गुर्जर के बेटे देवराज सिंह गुर्जर से मारपीट के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। घटना में आरोपी बनाए गए लक्की यादव की मां ने पुलिस कमिश्नर संजय कुमार से शिकायत कर पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं।

उनका आरोप है कि देवराज गुर्जर और उनके साथियों ने पहले एमएलए रेस्ट हाउस के पास उनके बेटों के साथ मारपीट की। इसके बाद अरेरा हिल्स थाने में पुलिस की मौजूदगी में भी उनके बेटों को पीटा गया।

उसे अधमरा कर दिया गया, लेकिन उनकी कोई सुन नहीं रहा है। जब थाने में बेटे के साथ बेरहमी से मारपीट की गई, पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। उन्होंने शिकायत में कहा कि दोनों बेटों के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, लेकिन प्रभावशाली लोगों के दबाव में पुलिस ने उनकी शिकायत नहीं सुनी।

अब लक्की की मां की ओर से पुलिस कमिश्नर को शिकायत की गई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने मामले की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि जांच में शिकायत सही पाई जाती है तो देवराज गुर्जर और उनके साथियों के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

परिजन का आरोप है कि उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की गई।

### देवराज बोले- पीटने के लिए आरोपी रेस्ट हाउस तक घुस आए

विधायक पुत्र देवराज सिंह गुर्जर ने पूरे घटनाक्रम पर अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 24 जून की रात करीब 12:30 बजे वह मालवीय नगर स्थित टछअ रेस्ट हाउस के अपने आवास की बालकनी में टहल रहे थे। इसी दौरान घर के सामने चार युवक शराब पी रहे थे। उन्होंने युवकों से वहां से जाने के लिए कहा, तो वे गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों युवक घर की सीढ़ियों तक पहुंच गए और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे। इनकार करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और छीनाझपटी भी की।

आरोपियों की मां का आरोप है कि बेटों के साथ थाने में पिटाई की गई। देवराज के मुताबिक, शोर सुनकर उनके दोस्त हर्ष, मान और सौरभ बकोरिया मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। आरोप है कि जाते समय चारों युवकों ने अपना नाम विक्की, पंकज, मयंक और सोह बताते हुए धमकी दी कि ₹नाम याद रखना, अगली बार नहीं छोड़ेंगे।

इसके बाद उन्होंने जेपी अस्पताल में मेडिकल कराया और अरेरा हिल्स थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया।

# छिंदवाड़ा का कन्हरगांव डैम सूखा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा शहर की प्यास बुझाने वाला कन्हरगांव डैम अब लगभग सूख चुका है। जलस्तर इतना नीचे चला गया है कि अब नगर निगम को डैम के 'डेड स्टोरेज' से पानी निकालकर शहर तक पहुंचाना पड़ रहा है। पानी को लिफ्ट कर भरतादेव फिल्टर प्लांट तक पहुंचाने के लिए 40 हॉर्स पावर के 3 फ्लोटिंग मोटर पंप इंस्टॉल किए जा रहे हैं। डेड स्टोरेज से पानी लिफ्ट करने की इस नई व्यवस्था के लिए शुक्रवार देर शाम तक डैम पर युद्धस्तर पर काम जारी रहा। इसी कारण शनिवार को भरतादेव फिल्टर प्लांट से सप्लाई होने वाले कई इलाकों में जल वितरण प्रभावित रहेगा। निगम अधिकारियों का कहना है कि इस व्यवस्था के शुरू होने के बाद शहर में नियमित जलापूर्ति बनाए रखने का प्रयास किया जाएगा। डैम में पानी का स्तर इतना नीचे पहुंच गया है कि वह अपने प्राकृतिक दबाव से ग्रेविटी कैनाल तक नहीं जा पा रहा है। ऐसे में निगम ने डेड वॉटर वाले हिस्से से कैनाल तक एक अस्थायी नाली तैयार की है। इस काम को पूरा करने के लिए डैम में 200 केवी का एक नया ट्रांसफार्मर भी लगाया गया है। अब फ्लोटिंग मोटर पंपों की मदद से निचले हिस्से का पानी उठाकर इन्हीं नालियों के जरिए ग्रेविटी कैनाल में छोड़ा जाएगा, जहां से यह फिल्टर प्लांट तक पहुंचेगा।

# शादी के तीसरे दिन गहने और नकद लेकर भागी दुल्हन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर

सागर में जैसीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम महुआखेड़ा पेगवार में शादी के तीसरे दिन दुल्हन घर से नकद रुपए और गहने लेकर भाग गई। परिवार के लोग सोकर उठे तो दुल्हन घर में नहीं थी। आसपास तलाश किया। लेकिन नहीं मिले। शुक्रवार शाम पीड़ित परिवार ने जैसीनगर थाने पहुंचकर शिकायत की। शिकायत पर पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

पीड़ित नोनीराम पटेल ने पुलिस थाने में शिकायत करते हुए बताया कि पत्नी के निधन के बाद वह जीवनसाथी की तलाश में था। इसी दौरान उनकी मुलाकात कंदेला निवासी रामनारायण दुबे से हुई। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले के लोरमी गांव निवासी रुक्मणी चतुर्वेदी से विवाह कराने की बात कही। रुक्मणी के पति की भी सड़क दुर्घटना में मौत होने की जानकारी दी गई। दोनों की मुलाकात कराई और रिश्ता तय हुआ। शादी कराने के बदले में 1.20 लाख रुपए रामनारायण दुबे को दिए गए। रिश्ता पक्का होने पर दूल्हा और दुल्हन पक्ष के लोग 19 जून को सागर पहुंचे। जहां दोनों की कोर्ट मैरिज कराई गई। अगले दिन 20 जून को रानगिर माता मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से विवाह कराया गया। शादी के समय रुक्मणी के साथ ओडिशा निवासी अरविंद विभार भी मौजूद था। जिसे उसने अपना जीजा बताया था। नोनीराम के अनुसार, 21 जून की रात रुक्मणी घर की अलमारी से 30 हजार रुपए नकद, चांदी की करधोनी, पायल और मंगलसूत्र लेकर फरार हो गई।सुबह परिवार को लोग सोकर उठे और देखा तो रुक्मणी घर में नहीं थी। तलाश के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि देर रात एक कार गांव में आई थी। सवार में सवार युवक घर का पता पूछ रहा था। फोटो दिखाने पर ग्रामीणों ने उसकी पहचान शादी में आए अरविंद विभार के रूप में की। शिकायत पर जैसीनगर पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

# लगुन में हवाई फायर रोकने पर गोली मारने वाला गिरफ्तार

## बदमाश को पैदल लेकर गांव पहुंची पुलिस, सीन रीक्रिएशन के दौरान सिर झुकाकर चलता रहा

### 20 जून को दुहिया गांव के पंडाल में हुई थी घटना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर



ग्वालियर के बिजौली थाना पुलिस ने लगुन-फलदान कार्यक्रम में सरेराह गोलीबारी करने और विरोध करने पर एक युवक को गोली मारने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने न सिर्फ आरोपी को दबोचा, बल्कि इलाके में बदमाशों के मन में पुलिस का खौफ पैदा करने और आम जनता के बीच विश्वास बहाल करने के लिए शुक्रवार को सीन रीक्रिएशन किया।

पुलिस बदमाश को हथकड़ी लगाकर पैदल-पैदल उस घटनास्थल (पंडाल) तक लेकर गई, जहां उसने इस घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान वह सिर झुकाकर चलता नजर आया। लोग उस पर हंस रहे थे। बिजौली थाना पुलिस ने बताया कि घटना 20 जून 2026 की है। मुरार की भगवती कॉलोनी के रहने वाले धीरेंद्र सिंह राणा अपने साले के लगुन-फलदान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पूरे परिवार के साथ बिजौली के ग्राम दुहिया आए हुए थे।

खेत में टेंट और पंडाल लगाकर कार्यक्रम चल रहा था, तभी गांव का दबंग अजीत राणा वहां पहुंचा। उसने रौब जमाने और दहशत फैलाने के लिए कमर से अवैध देशी कट्टा निकाला और एक के बाद एक दो हवाई फायर ठोक दिए। पंडाल में मौजूद मेहमान धीरेंद्र सिंह राणा ने जब अजीत को भीड़भाड़ में गोली चलाने से मना किया, तो आरोपी का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। वह चीखते हुए बोला- तेरी हिम्मत कैसे हुई मुझे रोकने की और उसने सीधे धीरेंद्र पर निशाना साधकर फायर कर दिया।

### ऐसे बिछाया पुलिस ने जाल

एसएसपी (ररढ) धर्मवीर सिंह के कड़े निर्देश पर पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ के लिए एक विशेष टीम बनाई। एसडीओपी बेहट मनीष यादव के मार्गदर्शन में बिजौली थाना प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव ने मुखबिरों को काम पर लगाया। शुक्रवार को पुख्ता सूचना मिली कि आरोपी अजीत राणा पुत्र गोविंद राणा वीवीएम कॉलेज के पीछे झाड़ियों में छिपा बैठा है। पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी कर उसे रंगे हाथों दबोच लिया।

### घटना स्थल पर पैदल घुमाकर निकाली हैकड़ी

थाने लाकर जब आरोपी अजीत राणा से सख्ती से पूछताछ की गई, तो उसने लगुन कार्यक्रम में देशी कट्टे से फायर करने और धीरेंद्र को गोली मारने का जुर्म कुबूल कर लिया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश करने से पहले शुक्रवार को घटनास्थल वाले गांव दुहिया में पैदल घुमाया। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि आरोपी यह अवैध हथियार और कारतूस किस तस्कर से खरीदकर लाया था।

# कुत्ते ने 19 लोगों को काटा, घरों की छतों पर चढ़े लोग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हरदा



हरदा में शुक्रवार शाम एक खूंखार आवारा कुत्ते ने जमकर आतंक मचाया। शहर के हरदौल बाबा मंदिर के पास शाम करीब 7 बजे से रात 9 बजे के बीच कुत्ते ने चार बच्चों सहित 19 लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। अचानक हुए हमलों से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए दुकानों और घरों के अंदर भागे, जबकि कुछ लोग छतों पर चढ़ गए। सूचना मिलने पर नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद कुत्ते को पकड़कर अपने कब्जे में लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुत्ता लगातार लोगों पर हमला कर रहा था। वह अचानक पीछे से आकर लोगों को काट रहा था, जिससे किसी को संभलने का मौका भी नहीं मिल रहा था। करीब दो घंटे तक चले इस घटनाक्रम के दौरान पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना रहा। घटना के समय सड़क पर मौजूद लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। कई लोग आसपास की दुकानों में घुस गए, जबकि कुछ लोग घरों की छतों पर चढ़कर खुद को सुरक्षित करने लगे।

घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका की टीम कुत्ते को पकड़ने के लिए मौके पर पहुंची। लेकिन कुत्ता इतना आक्रामक था कि उसने नगर पालिका की गाड़ी के ड्राइवर सागर झाझेट (26) पर भी हमला कर दिया। बताया गया कि जैसे ही ड्राइवर ने वाहन का गेट खोला, कुत्ते ने उस पर झपट्टा मारकर काट लिया। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने लकड़ी से कुत्ते को काबू करने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद नगर पालिका कर्मचारियों ने उसे पकड़कर वाहन में डाल दिया।

कुत्ते के हमले में चार बच्चों सहित कुल 19 लोग घायल हुए हैं। घायलों में अनुराग महेश, अशोक प्रह्लाद, विशाल कमल, योगेश रामबक्श, सोनम अक्षय, मिथुन महेश और रामप्रसाद नबाव सहित अन्य लोग शामिल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है और लोग घरों से बाहर निकलने में डर महसूस कर रहे हैं।

जिला अस्पताल के डॉ. अनुराग पांडे ने बताया कि शुक्रवार रात डॉग बाइट के करीब 19 मरीज अस्पताल पहुंचे। इनमें से पांच से छह लोगों की चोटें गंभीर प्रकृति की हैं। उन्होंने बताया कि सभी घायल हरदौल बाबा मंदिर क्षेत्र के हैं और प्रारंभिक जानकारी के अनुसार एक ही कुत्ते ने इन सभी लोगों पर हमला किया है।

### कुत्ता काटने पर तुरंत करें यह काम

डॉ. अनुराग पांडे ने लोगों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को कुत्ता काट ले तो सबसे पहले घाव को 10 से 15 मिनट तक साबुन और साफ पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए। इसके बाद बिना देरी किए नजदीकी अस्पताल पहुंचकर डॉक्टर की सलाह के अनुसार एंटी-रेबीज वैक्सीन (एआरवी) लगवाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि रेबीज से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका समय पर उपचार और टीकाकरण है। विशेषज्ञों के अनुसार बारिश का मौसम कुत्तों के प्रजनन का समय होता है। इस दौरान हार्मोनल बदलाव के कारण कई कुत्ते सामान्य दिनों की तुलना में अधिक संवेदनशील और आक्रामक हो सकते हैं। इसके अलावा लगातार भीगने, ठंड और अपने क्षेत्र या बच्चों की सुरक्षा की प्रवृत्ति भी उनके व्यवहार को आक्रामक बना सकती है। इसलिए लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## खबर एक नजर...

### सांभर को लाड़-दुलार करने पर एसटीआर अधिकारी नपे

**भोपाल।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बोरी सहायक संचालक (एसडीओ) को सांभर को खाना खिलाने और सहलाने के आरोप में निलंबित कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने यह एक्शन लिया। वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट अजय दुबे ने आलोचना की और वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की मांग की। सहायक संचालक विनोद वर्मा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की बोरी अनुभाग में सहायक संचालक के रूप में पदस्थ है। फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने निलंबन आदेश जारी किए। वर्मा को ₹एक जंगली जानवर (सांभर हिरण) के साथ अनुचित व्यवहार करते हुए₹ देखा गया। जारी आदेश में कहा गया कि उनका आचरण उनके आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन में ₹घोर लापरवाही और असंवेदनशीलता₹ को दर्शाता है और यह मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 का उल्लंघन है।

### इंडिगो फ्लाइट में दो यात्री आपस में भिड़ेःदोनों के बीच जमकर हुआ विवाद

**जबलपुर।** दिल्ली से जबलपुर पहुंची इंडिगो की फ्लाइट में सवार दो यात्रियों के बीच सामान लेने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि एयरपोर्ट लाउंज में ही गाली-गलौज और हाथापाई शुरू हो गई। घटना के बाद एक यात्री ने दूसरे के खिलाफ खमरिया थाने में मारपीट की एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना शुक्रवार सुबह की है, जब इंडिगो की फ्लाइट दिल्ली से डुमना एयरपोर्ट पहुंची थी। जानकारी के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता और मूल रूप से कोलकाता निवासी सुहान मुखर्जी अपने तीन वर्षीय बेटे और केयरटेकर के साथ जबलपुर पहुंचे थे। उन्हें यहां से बांधवगढ़ जाना था। इसी फ्लाइट से दिल्ली निवासी योगेश बंसल भी जबलपुर आए थे और उनका गंतव्य भी बांधवगढ़ था। विमान से उतरने के बाद बैगेज लेने के दौरान योगेश बंसल का धक्का सुहान मुखर्जी को लग गया। इस पर अधिवक्ता ने आपत्ति जताते हुए आराम से सामान निकालने के लिए कहा, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर योगेश बंसल ने सुहान मुखर्जी के साथ धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट की। उस समय उनका तीन वर्षीय बेटा भी साथ मौजूद था। एयरपोर्ट लाउंज में अचानक हुई इस घटना से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर एयरपोर्ट प्रबंधन, सीआईएसएफ जवान और विमानन कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को शांत कराया। उनसे लिखित शिकायत ली गई।

### 'थर्ड लैंग्वेज पॉलिसी':700 रुपए में खरीदी फ्रेंच बुक हुई रद्दी

**भोपाल।** पहले से ही महंगी कॉपियों-किताबों के बोझ तले दबे सीबीएसई स्कूलों के अभिभावकों को एक और झटका लगा है। नया सत्र शुरू होने के बाद बोर्ड ने ₹ थर्ड लैंग्वेज पॉलिसी' अनिवार्य रूप से इसी सत्र से लागू कर दी है। इस नए नियम ने स्कूलों से 'फ्रेंच' को इस कदर बाहर किया कि पैरेंट्स द्वारा 400 से 700 रुपए में खरीदी गई महंगी किताब रद्दी हो गई। दरअसल, नए फॉमूर्ले में अंग्रेजी को ₹विदेशी भाषा' माना गया है, जिससे अब छात्रों के लिए फ्रेंच की जगह ₹संस्कृत' पढ़ना अनिवार्य हो गया है।

विडंबना यह है कि बुक डिपो वालों ने भी इन किताबों को वापस लेने से साफ मना कर दिया है, क्योंकि पब्लिशर्स को माल वापसी की डेडलाइन निकल चुकी है। नतीजा यह कि अब अभिभावकों की जेब पर जबरन दोबारा संस्कृत की महंगी किताबें खरीदने की दोहरी मार पड़ रही है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर (म.प्र.)

क्रमांक/राजस्य/2026/1656 शाजापुर : दिनांक 05/06/26

### भवन / भूमि नामांतरण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण की जानकारी हेतु यह विज्ञप्ति प्रकाशित की जाती है कि नगरीय क्षेत्र शाजापुर के अन्तर्गत मकान / प्लाट आदि के लिए आवेदन पत्र म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अन्तर्गत प्रस्तुत किये गये है उक्त मकान/प्लाट के नामांतरण में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाण के आपत्ति लिखित रूप में विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करे। निश्चित समयावधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। नियमानुसार नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी सो सूचित हो

| क्र. | पृ. क्र. | आवेदनकर्ता का नाम व पता | संपत्ति हस्तांतरणकर्ता का नाम | वार्ड क्रं. / क्षेत्र | भवन/भूमि | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 376/767 | उर्मिला पांचाल पति दिनेश पांचाल दरगाह के पास, शाजापुर | झरण डेवलपर्स प्रा. लि, ममता गुप्ता, नगर धर्मशाला हरयपुरा, शाजापुर | 20. चिगनलाल जैन वार्ड | भूमि सर्वेक्षक 1204/1/2 | रजिस्ट्री |
| 2 | 312/2607 | रेखा सोनी पति सचिन सोनी, सोमवारिया बाजार, शाजापुर | गृह निर्माण एवं अधिसंरचना विकास मंडल | 27. दिनदयाल मगर | भवन क्र. 90 | रजिस्ट्री |
| 3 | 373/16-7 | कौशल्या बाई पति शिवनारायण गवली मोहल्ला, शाजापुर | अभय कुमार पिता पदमसिंह उजैन, शाजापुर | 28. कृष्णा कालोनी | भूमि सर्वेक्षक 1205 | रजिस्ट्री |
| 4 | 374/2607 | मोहित भावसार पिता मंगेश भावसार, गायत्री नगर, शाजापुर | महेन्द्र कुमार पिता कन्हैयालाल चत्तर, घार | 20. सिद्धार्थ नगर | भूमि सर्वेक्षक 133 | रजिस्ट्री |
| 5 | 375/26 | जगदीश, पन्नालाल पुत्रगण स्व दरियाव आदिगण, नाथवाड़ा, शाजापुर | शंकर बाई पति भेरूलाल, दरियाव सिंह पिता भेरूलाल, भगवती पति स्व मांगीलाल, नाथवाडा, शाजापुर | 11. नाथवाढा | भवन क 4 | फौती नामां |
| 6 | 376/26-7 | कालू सिंह सिसौदिया पिता नारायण सिंह, भीलवाडिया, शाजापुर | दिलीप पिता छगनलाल, उज्जैन दिनेशचंद्र, पिता सुरजसिंह, जयप्रकाश पिता देवनारायण | 1. ए बी रोड | भूमि सर्वेक्षक 277/11 | रजिस्ट्री |
| 7 | 317/26-7 | संजीव ढीगंरा पिता स्व रामप्रकाश, लालघाटी, शाजापुर | गायत्री देवी पति जगदीशप्रसाद, लालपुरा, शाजापुर | 26. विजय नगर | भूमि, भूमि सर्वेक 132/2 | रजिस्ट्री |
| 8 | 378/2607 | सुलोचना पति मोहनलाल, कर्मचारी कालोनी, शाजापुर | रूखमाबाई पति मनोहरलाल, उज्जैन | 25. कर्मचारी कालोनी | भूमि सर्वे का 190/16 | रजिस्ट्री |
| 9 | 379/26-7 | मीना कोटवानी पति पुरूषोत्तम, वजीरपुरा, शाजापुर | अजय, डॉ आनंद आदिगण पुत्रगण स्व प्रभाकर सराफ, उज्जैन | 24. महात्मा गांधी मार्ग | भवन क्र 161 | रजिस्ट्री |
| 10 | 380/26-7 | आबिद अंसारी पिता अ शकुर अंसारी, जाकिर हुसैन मार्ग, शाजापुर | जाहिद अंती पिता जहुर अंसारी, सपरीपुरा, शाजापुर | 7. जाकिर हुसैनमार्ग | भवन क्र. 110 | रजिस्ट्री |

प्रेम जैन अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद शाजापुर

दिनेश सौराष्ट्रीय प्रभारी
राजस्व एवं वित्त लेखा

भूपेंद्र कुमार दीक्षित
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद शाजापुर

# पंकज त्रिपाठी बोले- यू-ट्यूब चैनल शुरू कर प्रवचन दूंगा

## कहा- मोटिवेशनल स्पीकर बनूंगा घायल बड़े भाई की सेहत पर दिया अपडेट



बॉलीवुड एक्टर पंकज त्रिपाठी हाल ही में आईफा के कनेक्स इवेंट में शामिल हुए। यहां उन्होंने सोशल मीडिया और एक्टिंग से जुड़े कई मजेदार सवालों के जवाब दिए। जब उनसे पूछा गया कि अगर वे अपना यू-ट्यूब चैनल शुरू करेंगे तो क्या करेंगे, तो उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि वे मोटिवेशनल स्पीकर बनेंगे। इवेंट में ऑफ कैमरा पंकज त्रिपाठी ने ऑफ कैमरा अपने बड़े भाई की सेहत से जुड़ा अपडेट भी दिया। उन्होंने बताया कि बिहार में हुए हमले के बाद अब उनके भाई की तबीयत पहले से बेहतर है।

### यू-ट्यूब चैनल पर दूंगा प्रवचन

इवेंट के दौरान होस्ट दिया मिर्जा ने पंकज त्रिपाठी से पूछा कि अगर वे कभी यू-ट्यूब पर आते हैं तो उनका कंटेंट कैसा होगा? इस पर पंकज त्रिपाठी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'मैं प्रवचन करूंगा और मोटिवेशनल स्पीकर बनूंगा।' उन्होंने आगे मजाक करते हुए कहा कि आज के समय में मोटिवेट होने वाले लोग कम बचे हैं और मोटिवेशनल स्पीकर ज्यादा हो गए हैं। दूसरों को मोटिवेट करने वाले को खोजा जा रहा है, लेकिन मोटिवेट होने के लिए कोई बचा ही नहीं है।

### मेरा नाम 'ऑथेंटिसिटी कुमार' है

जब पंकज त्रिपाठी से पूछा गया कि क्या उन पर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने या एक्टिंग के दौरान ज्यादा लाउड परफॉर्मेंस देने का दबाव रहता है, तो उन्होंने इससे साफ इनकार किया। उन्होंने कहा, 'मुझ पर ऐसा कोई दबाव नहीं रहता। मेकर्स मुझे बोलते हैं कि तुम जो करते हो, वही स्क्रीन पर कर दो। मुझे तो उसी अंदाज के पैसे मिलते हैं जो मैं असल में करता हूं।' उन्होंने अपनी सादगी और ओरिजिनैलिटी पर बात करते हुए खुद को मजाकिया लहजे में 'ऑथेंटिसिटी कुमार' बताया।

### भाई की तबीयत में हो रहा सुधार



इवेंट के दौरान पंकज त्रिपाठी ने ऑफ कैमरा अपने बड़े भाई विजेंद्र नाथ तिवारी की सेहत की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनके भाई की तबीयत अब पहले से बेहतर है और वे धीरे-धीरे रिकवर कर रहे हैं। बता दें कि हाल ही में 21 जून को बिहार के गोपालगंज जिले में उनके भाई पर जानलेवा हमला हुआ था, जिसके बाद पंकज त्रिपाठी अपने परिवार से मिलने पटना पहुंचे थे।

# शाहरुख खान अपने साथ क्यों रखते हैं बचपन की तस्वीर? सुनाया इससे जुड़ा खास किस्सा



शाहरुख खान ने हाल ही में सिनेमा में 34 साल पूरे कर लिए हैं। वह इतने मशहूर हो चुके हैं कि फैंस उनसे जुड़ी छोटी से छोटी चीज भी जानना चाहते हैं। आज सुपरस्टार मंगलुरु में एक इवेंट में शामिल हुए, जहां उन्होंने अपने खास अंदाज में मशहूर पोज दिया। इस दौरान उन्होंने एक किस्सा भी सुनाया है।

इवेंट के दौरान, शाहरुख ने अपनी जेब से बचपन की एक पुरानी तस्वीर निकालकर दर्शकों को हैरान कर दिया। एक्टर ने बताया कि यह उनके शुरूआती वर्षों की एकमात्र तस्वीर थी और इसे मंगलुरु में ही खींचा गया था। दर्शकों को तस्वीर दिखाते हुए शाहरुख ने कहा, 'भले ही यह तस्वीर अभी थोड़ी अजीब लग सकती है, क्योंकि इसमें मैंने कपड़े नहीं पहने हैं। यह मेरे बचपन की एकमात्र तस्वीर है, जो मंगलुरु में ली गई थी। मैं बिना कपड़ों के एक बाल्टी में बैठा हूं।'

शाहरुख का जन्म नई दिल्ली में हुआ था, लेकिन कहा जाता है कि उन्होंने अपने बचपन के शुरूआती पांच साल मंगलुरु में अपने नाना इफ्तिखार अहमद के साथ बिताए थे। शहर के साथ उनके इस जुड़ाव ने इस पल को खास बना दिया।

एक्टर ने कन्नड़ भाषा में भी फैंस का अभिवादन किया, जिससे भीड़ ने जोरदार तालियां बजाईं। बाद में उन्होंने 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के गानों के साथ-साथ 'झूमे जो पठान' और 'छम्मक छल्लो' जैसे हिट गानों पर भी परफॉर्म किया।

### इस फिल्म में नजर आएंगे शाहरुख खान

वर्कफ्रंट की बात करें तो शाहरुख खान जल्द ही अपनी नई फिल्म ह्यकिंगह्न में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनकी बेटी सुहाना खान भी साथ दिखेंगी, जो इस फिल्म से अपना थिएटर डेब्यू करेंगी। फिल्म में दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, अरशद वारसी, राघव जुयाल और जयदीप अहलावत जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# मॉम, क्या लगती हैं आप?

## 14 साल के बेटे की बात सुनकर शिल्पा शेट्टी बोलीं- लगा, अब सच में जिंदगी में कुछ हासिल किया है

हर सफलता की कहानी सिर्फ तालियों और शोहरत से नहीं बनती। इसके पीछे ऐसे दौर भी होते हैं जब मौके छूटते हैं, फैसले गलत साबित होते हैं और फिर खुद को साबित करना पड़ता है। शिल्पा शेट्टी की कहानी भी ऐसी ही रही।

एक तस्वीर से मॉडलिंग की शुरूआत, पहली फिल्म बंद होने का झटका, करियर में ठहराव और फिर वापसी- उन्होंने हर मोड़ पर खुद को खड़ा किया। इसी सफर में बेटे की तारीफ ने उन्हें एहसास कराया कि असली सफलता सिर्फ नाम नहीं, बल्कि हर दौर में प्रासंगिक बने रहना है।

### एक तस्वीर ने बदल दी शिल्पा की जिंदगी

8 जून 1975 को कर्नाटक के मंगलुरु में जन्मीं शिल्पा शेट्टी का असली नाम अश्विनी शेट्टी है। उनका परिवार बाद में मुंबई आ गया, जहां उनकी पढ़ाई हुई। शुरूआती दिनों में उनकी जिंदगी फिल्मों और ग्लैमर से अलग थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह पिता के काम में हाथ बंटाती थीं और उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह फिल्मों की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा बनेंगी।

इसी दौरान उन्हें एक फैशन शो में हिस्सा लेने का मौका मिला। उनकी मौजूदगी ने लोगों का ध्यान खींचा। शो में मौजूद एक फोटोग्राफर ने उनकी तस्वीरें खींचीं और बाद में उन्हीं के जरिए उन्हें मॉडलिंग के ऑफर मिलने लगे। धीरे-धीरे विज्ञापनों और फोटोशूट्स का सिलसिला शुरू हुआ और यहीं से मनोरंजन जगत में सफर शुरू हुआ।

16 साल की उम्र में शिल्पा ने 1991 में पहली बार लिम्का के लिए मॉडलिंग की। उस समय उन्हें अंदाजा नहीं था कि यह मौका आगे चलकर बॉलीवुड का दरवाजा खोलेगा। मॉडलिंग में पहचान बनने के बाद उन्हें फिल्मों के ऑफर मिलने लगे और जिंदगी ने नया मोड़ लिया।

### पहली फिल्म बंद हुई, लेकिन उसी ने खोला बॉलीवुड का दरवाजा



शिल्पा शेट्टी की सफलता की कहानी सीधे ह्यबाजीगरह्न से शुरू नहीं हुई थी। कम लोग जानते हैं कि उनकी पहली फिल्म ह्यगाता रहे मेरा दिलह्न थी, जिसमें उनके साथ रोनित रॉय थे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी थी और ट्रेड मैगजीन में उनकी तस्वीर के साथ बॉलीवुड डेब्यू की घोषणा भी हो गई थी। लेकिन रिलीज से पहले ही फिल्म बंद हो गई। इसे यश चोपड़ा के असिस्टेंट रह चुके डायरेक्टर दिलीप नाइक ने डायरेक्ट किया था।

नए कलाकार के लिए पहली फिल्म का बंद होना करियर खत्म होने जैसा हो सकता था, लेकिन शिल्पा के साथ उल्टा हुआ। उसी ट्रेड मैगजीन में छपी उनकी तस्वीर इंडस्ट्री के लोगों की नजर में आई और उन्हें ह्यबाजीगरह्न का ऑफर मिला।

फिल्म बाजीगर से जुड़ा किस्सा शेयर करते हुए शिल्पा शेट्टी कहती हैं- लोग आज भी उस सीन की बात करते हैं जिसमें मैं गिरते हुए मुस्कुरा रही हूं। उस समय वीएफएक्स नहीं हुआ करता था। हमने वो सीन कई बार शूट किया था। आज भी ध्यान से देखें तो उसमें इस्तेमाल हुई स्ट्रिंग दिखाई देती है। लेकिन उससे सीखा कि फिल्में सिर्फ पैसों से नहीं बनतीं, उनमें आत्मा होनी चाहिए। बाजीगर में वही बात थी।

### प्रोड्यूसर्स ने फिल्म से बाहर कर दिया

'बाजीगर' की सक्सेस के बाद शिल्पा शेट्टी 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी', 'छोटे सरकार', 'आओ प्यार करें', 'हथकड़ी', 'औजार' और 'परदेसी बाबू' जैसी फिल्मों का हिस्सा रहीं और दर्शकों के बीच लोकप्रिय हुईं। सफलता का सफर हमेशा नहीं रहता। शिल्पा के करियर में एक दौर ऐसा भी आया जब फिल्मों में काम मिलना बंद हो गया था। कई बार उन्हें फिल्म के लिए चुना गया, लेकिन बाद में प्रोड्यूसर्स ने बाहर कर दिया। लगातार निराशा ने उन्हें परेशान किया, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी।

साल 2000 में आई फिल्म 'धड़कन' ने उनके करियर को नई दिशा दी। इस फिल्म में उनके अभिनय को खूब सराहा गया और वह फिर चर्चा में आ गईं। इसके बाद उन्होंने 'रिश्ते', 'फिर मिलेंगे', 'दस' और 'लाइफ इन ए... मेट्रो' जैसी फिल्मों में काम किया। खासकर 'फिर मिलेंगे' में एचआईवी पीड़ित महिला के किरदार ने उनके अभिनय को नई पहचान दी।

शिल्पा कहती हैं- मेरी जिंदगी में कई मजेदार और अजीब अनुभव रहे हैं। फिल्म इंडस्ट्री में काम करते हुए ऐसे कई पल आए हैं जिन्हें मैं हंसते हुए याद करती हूं। कुछ अनुभव ऐसे भी रहे हैं जिन्हें मैं दोबारा याद नहीं करना चाहती, लेकिन वे सभी अनुभव मेरे लिए सीख का हिस्सा रहे हैं।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ







## जोक्स

पिता (बेटे पर गुस्सा करते हुए) - एक काम ढंग से नहीं होता तुझसे।
तुम्हें पुदीना लाने के लिए कहा था और तुम धनिया ले आए...
तुझ जैसे बेवकूफ को तो घर से निकाल देना चाहिए...!
बेटा - पापा चलो इकट्ठे ही चलते हैं...
पिता - क्यों...?
बेटा - क्योंकि मम्मी कह रही थी कि ये मेथी है...!!!
00000000000

संता - सुबह-सुबह पड़ोसन बोल रही थी कि मेरे पेट में चूहे दौड़ रहे हैं...
बंता - तो फिर तुमने क्या किया...?
संता - मैंने उसे चूहे मारने की दवा खिला दी...
दो घंटे से सो रही है,
थैंक्यू भी नहीं बोला...!!!
00000000000

## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**
1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

वर्ग पहेली



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | | 53 | | 2 | | 4 | = | 71 |
| | | | | | | | | |
| 66 | | 43 | | 4 | | 5 | = | 22 |
| | | | | | | | | |
| 45 | | 1 | | 5 | | 4 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 2 | | 4 | | 20 | = | 20 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 25 | | 20 | | 5 | | 4 | = | 6 |

संकेत

## शब्दों का जाल



## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 1 | 6 | | 5 | 4 |
| 2 | 34 | | 30 | 4 | 28 | |
| | 5 | | 3 | | 7 | 1 |
| 3 | 30 | | 32 | 6 | 39 | |
| 1 | | 2 | | 5 | | |
| | 28 | | 33 | 7 | 38 | 3 |
| 4 | | 3 | 6 | | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**माथा पच्ची का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | + | 45 | + | 2 | - | 20 | = | 47 |
| + | | + | | x | | + | | + |
| 64 | - | 55 | + | 47 | - | 35 | = | 21 |
| - | | - | | - | | + | | + |
| 75 | - | 56 | + | 60 | - | 7 | = | 72 |
| + | | + | | + | | - | | + |
| 50 | + | 2 | + | 2 | - | 20 | = | 7 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 59 | - | 22 | + | 36 | - | 42 | = | |

**अष्टयोग का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 32 | 7 | 32 | 1 | 30 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 2 | 22 | 3 | 37 | 7 | 39 | 6 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 |
| 6 | 34 | 1 | 34 | 5 | 28 | 4 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

**शब्दजाल का हल**



## सूडोकू बवाल

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू बवाल का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

# वेनेजुएला भूकंप में अब तक 920 की मौत, करीब 3300 घायल




दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में 25 जून को आए दो भूकंप के तीन दिन बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 920 हो गई है। 3360 से ज्यादा लोग घायल हैं, जबकि हजारों लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। कई इलाकों में सरकारी राहत टीमों की कमी के कारण लोग परिजन को ढूंढ़ने के लिए खुद मलबा हटाने में जुटे हैं।

कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने आपातकाल लगा दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि अब तक 243 लोगों को जिंदा बचाया गया है। राहत और बचाव अभियान जारी है, इसलिए मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।

सबसे ज्यादा तबाही ला गुआइरा राज्य में हुई है। यहां कई परिवार हथौड़ों और दूसरे औजारों से इमारतों का मलबा हटाकर अपने परिजन की तलाश कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि सरकारी बचाव दल बहुत कम पहुंचे हैं, जिससे उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, भूकंप के बाद शुरूआती 48 से 72 घंटे मलबे में दबे लोगों को जिंदा निकालने के लिए सबसे अहम होते हैं। ऐसे में हर घंटे के साथ लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है।









वेनेजुएला में गुरुवार को 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो भूकंपों से तबाही मच गई। पूरे देश में 39 हजार से ज्यादा लोग लापता हैं। कई लोगों के अभी भी मलबे में दबे होने की आशंका है। 40 सेकेंड के अंदर राजधानी कराकास की ऊंची इमारतें मलबे के ढेर में बदल गईं। रेस्क्यू टीम ने ढह चुकी इमारत की छत को तोड़कर एक नवजात बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला। मलबे के नीचे दबी एक गर्भवती महिला ने बच्ची को जन्म दिया था। राजधानी कराकस में बिल्डिंग भरभराकर ढहने लगी तो अंदर मौजूद लोग जान बचाने के लिए सीढ़ियों से भागते हुए बाहर निकलने लगे। एक और वीडियो वायरल है जिसमें भूकंप के तेज झटकों से रनवे पर खड़ा विमान थर्रा उठा, देखते ही देखते यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सड़कों पर रेस्क्यू कैंप्स में लोगों का इलाज चल रहा है। लोग अपने लोगों को ढूंढ रहे हैं। मलबा हटाने की कोशिशें की जा रही है और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

### एक दिन पहले कार्गो शिप पर ड्रोन अटैक हुआ था

# अमेरिका ने ईरान के मिसाइल-ड्रोन ठिकानों पर हमला किया:ट्रम्प बोले- ईरान ने सीजफायर तोड़ा







**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका ने शुक्रवार को ईरान पर करीब एक घंटे तक हमले किए। अमेरिकी सेना ने मिसाइल-ड्रोन ठिकानों और तटीय रडार साइट्स को निशाना बनाया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान ने सीजफायर तोड़ा, इसलिए जवाबी कार्रवाई की गई। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, 25 जून को ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में सिंगापुर के कार्गो शिप एमवी एवर लवली पर ड्रोन हमला किया था। एयरस्ट्राइक से पहले ट्रम्प ने कहा, उन्होंने कल एक नहीं, चार बार हमला किया। ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट ईरान के नियंत्रण में है और वहां से गुजरने वाले जहाजों को उसके नियमों का पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि यह सीजफायर का उल्लंघन नहीं, बल्कि सीजफायर मैनेजमेंट है।

होर्मुज में जहाज पर हमला, समुद्री सुरक्षा पर फिर संकट- ओमान के तट के पास होर्मुज स्ट्रेट में एक मालवाहक जहाज पर अज्ञात हथियार से हमला हुआ। जहाज के ब्रिज को नुकसान पहुंचा, हालांकि, कोई हताहत नहीं हुआ। घटना के बाद संयुक्त राष्ट्र ने 11 हजार नाविकों को निकालने का अभियान फिलहाल रोक दिया। इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान के अल-मंसूरी इलाके में लोगों को घर खाली करने की चेतावनी दी। वहीं, हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम ने कहा कि इजराइल को लेबनान की पूरी जमीन से बिना शर्त हटना होगा और संगठन किसी भी हाल में इजराइल से रिश्ते सामान्य नहीं करेगा।

# दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति ने हरिद्वार में की पूजा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ देहरादून

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जूमा अपने भारत दौरे के दौरान आज हरिद्वार पहुंचे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वे सिद्धपीठ दक्षिण काली मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने मां भगवती के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की और आगामी चुनावों में अपनी सफलता की कामना की।

मंदिर पहुंचने पर मंदिर प्रशासन ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने पूज्य महामंडलेश्वर से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद भी लिया। दौरे के दौरान जूमा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हरिद्वार का आध्यात्मिक वातावरण उन्हें बेहद पसंद आया है।

उन्होंने बताया कि वे पहले भी कई बार भारत आ चुके हैं, लेकिन हरिद्वार क्षेत्र में उनका यह पहला दौरा है। उन्होंने भारतीय संस्कृति और यहां की समृद्ध आध्यात्मिक परंपराओं की जमकर सराहना की। पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने मंदिर का प्रसाद भी ग्रहण किया। मंदिर भ्रमण के दौरान महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी उन्हें गाइड करते नजर आए। इस दौरान कैलाशानंद गिरी ने उन्हें महामंडलेश्वर की कुर्सी पर भी बैठाया। महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका में नवंबर में स्थानीय निकाय चुनाव प्रस्तावित हैं, जबकि 2029 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं।

जैकब जूमा ने मां दक्षिण काली के समक्ष यह विशेष संकल्प लिया है कि यदि वे दोबारा दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति बनते हैं, तो सबसे पहले भारत आकर मां दक्षिण काली के दर्शन और पूजा करेंगे। मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों के बीच भारत और दक्षिण अफ्रीका के सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक संबंधों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इसके बाद, दोपहर करीब साढ़े 3 बजे वे वापस दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

हरिद्वार के सिद्धपीठ में जैकब जूमा ने की पूजा- दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जूमा इन दिनों भारत के आध्यात्मिक दौरे पर हैं। उन्होंने उत्तराखंड के हरिद्वार पहुंचकर प्रसिद्ध सिद्धपीठ दक्षिण काली मंदिर में मां भगवती की विशेष पूजा-अर्चना की। जूमा ने बताया कि वे पहले भी कई बार भारत (2008, 2010, 2015, 2016) आ चुके हैं, लेकिन धर्मनगरी हरिद्वार का यह उनका पहला दौरा है। मंदिर के महामंडलेश्वर ने फूलों की भव्य माला पहनाकर उनका स्वागत किया। जूमा दक्षिण अफ्रीका के एक प्रमुख विपक्षी दल के अध्यक्ष हैं। वहां इसी साल 4 नवंबर को स्थानीय निकाय चुनाव हैं और 2029 में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। जूमा ने संकल्प लिया है कि यदि वे दोबारा राष्ट्रपति बनते हैं, तो सबसे पहले फिर से हरिद्वार आकर मां काली की पूजा करेंगे। इस यात्रा के दौरान जूमा के साथ दक्षिण अफ्रीका के राजनयिक, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री वाईपी सिंह और उनके बेहद करीबी मित्र व कारोबारी अजय कुमार गुप्ता भी मौजूद रहे।



**सहारनपुर की राशन दुकान से दक्षिण अफ्रीका के 'किंगमेकर' बने गुप्ता ब्रदर्स-** जैकब जूमा की किस्मत को बदलने और फिर डुबाने के पीछे उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के गुप्ता बंधुओं (अजय, अतुल और राजेश गुप्ता) का हाथ रहा है। गुप्ता बंधुओं के पिता शिवकुमार गुप्ता सहारनपुर के रायवाला बाजार में राशन और मसालों की दुकान चलाते थे। 1985 में पढ़ाई के बाद मंझले भाई अतुल गुप्ता दक्षिण अफ्रीका चले गए, जहां उन्हें रंगभेद के बाद व्यापार की बड़ी संभावनाएं दिखीं। बाद में उन्होंने अपने भाइयों अजय और राजेश को भी बुला लिया। 1993 में उन्होंने सहारा कंप्यूटर्स की शुरूआत की। मेहनत के दम पर यह देश की नंबर वन कंपनी बनी। इसके बाद उन्होंने कोल-गोल्ड माइनिंग, अखबार (न्यूज एज) और कई न्यूज चैनलों पर कब्जा कर अरबों का साम्राज्य खड़ा कर लिया। 2000 के आसपास गुप्ता ब्रदर्स और तत्कालीन उपराष्ट्रपति जैकब जूमा के बीच दोस्ती हुई। इसके बाद जूमा पर भ्रष्टाचार और गंभीर आरोप लगे, जिसके बाद उन्हें पद से हटा दिया गया और 15 साल की सजा सुनाई गई। इस बुरे वक्त में गुप्ता बंधुओं ने जैकब जूमा की 5 पत्नियों और 23 बच्चों की आर्थिक मदद की, बच्चों को नौकरियां दीं और जुमा को राष्ट्रपति बनाने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया। 2009 में जैकब जूमा दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति बन गए। इसके बाद देश में गुप्ता बंधुओं का परोक्ष राज शुरू हो गया।

## कनाडा ने माना- एअर इंडिया फ्लाइट ब्लास्ट खालिस्तानियों ने किया

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ कनाडा

कनाडा ने पहली बार आधिकारिक तौर पर माना है कि 1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट 182 'कनिष्क' में हुए बम धमाके के पीछे कनाडा में मौजूद खालिस्तानी आतंकियों का हाथ था। कनाडा की खुफिया एजेंसी कनाडियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस ने इस घटना को जघन्य आतंकवादी काम बताया है।

23 जून को इस घटना के 41 साल पूरे होने पर उरक्र ने सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान एजेंसी ने लिखा, आतंकवाद के पीड़ितों की राष्ट्रीय स्मृति दिवस पर हम एयर इंडिया फ्लाइट 182 के उन 329 लोगों को याद करते हैं, जिन्होंने एक जघन्य आतंकी हमले में अपनी जान गंवाई। इस हादसे में विमान में सवार सभी 329 लोगों की मौत हुई थी। इनमें 268 कनाडाई नागरिक थे, जिनमें ज्यादातर भारतीय मूल के थे। 24 लोग भारत के नागरिक थे।

### प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भी दी श्रद्धांजलि

23 जून 1985 को एयर इंडिया की फ्लाइट 182 'कनिष्क' मॉन्ट्रियल से लंदन होते हुए नई दिल्ली आ रही थी। लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट पहुंचने से करीब 45 मिनट पहले आयरलैंड के तट के पास अटलांटिक महासागर के ऊपर विमान में जोरदार विस्फोट हुआ और विमान हवा में ही टूटकर समुद्र में गिर गया। इसमें सवार सभी लोगों की मौत हो गई।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भी इस घटना को देश के इतिहास का सबसे घातक आतंकी हमला बताया है। उन्होंने कहा, ₹41 साल पहले एयर इंडिया फ्लाइट 182 बम धमाके में 329 निर्दोष लोगों की जान गई थी, जिनमें 268 कनाडाई नागरिक थे।

## 3 महीने का बेटा लेकर मीटिंग में पहुंचीं मिनिस्टर

### स्वीडन की मंत्री ने बच्चे को गोद में लेकर स्पीच दी; कहा- मां बनने से करियर नहीं रुकता

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ स्वीडन

स्वीडन की जलवायु मंत्री रोमिना पोरमोख्तारी अपने तीन महीने के बेटे एडम को लेकर यूरोपीय संघ (एव) के जलवायु मंत्रियों की बैठक में पहुंचीं। लक्जमबर्ग में गुरुवार को हुई इस बैठक का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वीडियो में रोमिना अपने बेटे को गोद में लेकर मीटिंग में हिस्सा लेती और भाषण देती नजर आ रही हैं। इस दौरान वह बच्चे को शांत भी कराती रहीं, लेकिन साथ ही बैठक में अपनी बात भी रखती रहीं। इसके बाद पोरमोख्तारी ने रॉयटर्स से बातचीत में कहा, मैंने जानबूझकर ऐसा किया, ताकि यह मैसेज दिया जा सके कि महिलाओं को करियर और परिवार में से किसी एक को चुनने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिए। मां बनने का मतलब यह नहीं है कि किसी महिला का करियर रुक जाए। एव काउंसिल के एक अधिकारी के मुताबिक, उनकी जानकारी में पहली बार किसी एव मंत्रियों की बैठक में एक बच्चा शामिल हुआ है।

### सोशल मीडिया पर लोगों ने मंत्री की सराहना की

सोशल मीडिया पर कई लोगों ने स्वीडन की मंत्री के इस कदम की तारीफ की है। लोगों ने इसे कामकाजी महिलाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। उनका कहना है कि मां बनने के बाद भी महिलाएं परिवार और करियर दोनों की जिम्मेदारियां एक साथ निभा सकती हैं।

बैठक से पहले पत्रकारों से बातचीत में रोमिना पोरमोख्तारी ने कहा कि वह यही मैसेज देना चाहती हैं कि मां बनने के बाद भी महिलाएं सार्वजनिक जीवन और नौकरी में सक्रिय रह सकती हैं। उन्होंने कहा कि यूरोप में परिवार के हित में बनाई गई नीतियां माता-पिता को बच्चों की देखभाल और काम के बीच बेहतर संतुलन बनाने में मदद करती हैं।



रोमिना ने अपने पार्टनर का जिक्र करते हुए कहा, ₹सिर्फ सरकार की नीतियां ही काफी नहीं होतीं। इसके लिए ऐसा साथी भी होना चाहिए, जो पुराने विचारों वाला न हो, बल्कि आधुनिक सोच रखता हो और जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हो। उन्होंने कहा कि अब स्वीडन में पिता का बच्चे की देखभाल के लिए घर पर रहना पहले जितना असामान्य या विवादित नहीं माना जाता। यह बदलाव देश की पारिवारिक नीतियों और समाज की बदलती सोच का नतीजा है। रोमिना पोरमोख्तारी 2022 में सासंद बनी थीं। उसे साल उन्हें सरकार में मंत्री बनाया गया। उस समय वह देश के इतिहास की सबसे कम उम्र की मंत्री बनी थीं। हाल ही में वह पैरेंटल लीव पूरी कर काम पर लौटी हैं। उनके पति फिलहाल स्वीडन में सितंबर में होने वाले चुनाव तक पैरेंटल लीव पर हैं। वह भी लक्जमबर्ग पहुंचे थे और बैठक के दौरान एडम की देखभाल कर रहे थे।

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

**सुर मंदिर तरु मूल निवास:, शय्या भूतल मजिनं वास:।**
**सर्व परिग्रह भोग त्याग:, कस्य सुखं न करोति विराग:॥**

**भावार्थ** : देव मंदिर या पेड़ के नीचे निवास, पृथ्वी जैसी शय्या, अकेले ही रहने वाले, सभी संग्रहों और सुखों का त्याग करने वाले वैराग्य से किसको आनंद की प्राप्ति नहीं होगी।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवारः 27 जून, 2026

कुरुते गङ्गासागरगमनं, व्रतपरिपालनमथवा दानम्।
ज्ञानविहिनः सर्वमतेन, मुक्तिं न भजति जन्मशतेन॥

**भावार्थ** : किसी भी धर्म के अनुसार ज्ञान रहित रह कर गंगासागर जाने से, व्रत रखने से और दान देने से सौ जन्मों में भी मुक्ति नहीं प्राप्त हो सकती है।

## सम्पादकीयम्

### राष्ट्रपतिस्य प्रोटोकॉलसम्बद्धाः

राजनैतिकविवादेषु उलझति। एतत् कार्यालयं राष्ट्रस्य गौरवेण, प्रतिष्ठायाः च सह सम्बद्धम् अस्ति, न केवलं व्यक्तिना। फलतः यदि राष्ट्रपतिः स्वयमेव तस्याः गौरवस्य समर्थनं न कृतम् इति मन्यते तर्हि अनेके प्रश्नाः उत्पद्यन्ते। राष्ट्रपतिस्य प्रोटोकॉलसम्बद्धाः कठोरनियमाः सन्ति येषां पालनं सर्वेषु परिस्थितिषु अवश्यं कर्तव्यम्। सामान्यतः राष्ट्रपतिः राज्यस्य मुख्यमन्त्री अथवा तेषां नामाङ्कितेन मन्त्रिणा वा स्वागतं करोति। बङ्गदेशे एतत् न अभवत् इति कथ्यते। राजनैतिक कोण। अस्य चूकस्य विषये केन्द्रसर्वकारेण राज्यसर्वकारात् प्रतिक्रिया याचिता अस्ति। परन्तु अस्याः घटनायाः अन्यः पक्षः अस्ति यः उपेक्षितुं न शक्यते - पश्चिमबङ्गस्य राजनीतिः। राज्ये शीघ्रमेव विधानसभानिर्वाचनं भविष्यति, मुख्यस्पर्धा च भाजपायाः सत्ताधारी टीएमसी-पक्षस्य च मध्ये दृश्यते। निर्वाचनक्षेत्रस्य लक्षणं यत् कटुता अस्ति तत् अधुना संवैधानिकसम्मेलनानां क्षेत्रे प्रसरति। टीएमसी इत्यनेन केन्द्रे राष्ट्रपतिकार्यालयस्य राजनीतिकरणस्य आरोपः कृतः, मुख्यमन्त्री ममता बनर्जी इत्यस्याः मतं यत् कोऽपि प्रोटोकॉलस्य उल्लङ्घनं न अभवत्। मूलविषयः पार्श्वे एव अभवत्। आयोजनं संथाल-जनजातीयसमुदायेन सह सम्बद्धम् आसीत्-यस्य समुदायस्य राष्ट्रपतिः।

ठाकरे इत्यस्य वक्तव्यं शिण्डे-गुटस्य सांसदः

# नरेश म्हास्के इत्यनेन दावितं यत् भविष्ये उद्धव-गुटस्य काङ्ग्रेस-पक्षस्य विलयः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

ठाकरे इत्यनेन स्पष्टीकृतं यत् शिवसेनायाः स्थापना मराठीमनोः (मराठीजनानाम्) अधिकारानां आत्मसम्मानस्य च रक्षणार्थं कृता अस्ति तथा च दलं स्वतन्त्रपरिचयेन अग्रे गमिष्यति इति। सः अवदत् यत् केचन व्यक्तिः जानी-बुझकर भ्रम प्रसारयितुं प्रयतन्ते, दलस्य विचारधारायां संगठनात्मकपरिचयस्य च क्षतिं कर्तुं एतादृशीः अफवाः प्रेरयन्ति। ठाकरे इत्यस्य वक्तव्यं शिण्डे-गुटस्य सांसदः नरेश म्हास्के इत्यनेन दावितं यत् भविष्ये उद्धव-गुटस्य काङ्ग्रेस-पक्षस्य विलयः भवेत् इति आशङ्का अस्ति अनेके सांसदाः। म्हास्के इत्यनेन शिवसेनानेता संजयराउट् इत्यस्य उपरि काङ्ग्रेसस्य प्रभावेण कार्यं कृतम् इति अपि आरोपः कृतः आसीत्।

स्थापनादिवसस्य आयोजने ठाकरे पाटीकार्यकर्तृभ्यः भावनात्मकरूपेण सम्बोधितवान् यत् यदि तस्य नेतृत्वे विश्वासस्य अभावः अस्ति तर्हि सः पदं त्यक्तुं सज्जः अस्ति इति। सः आव्हानानां कृते लज्जितः नास्ति इति प्रतिपादयन् सः अपि अवदत् यत् यदि सः दलस्य कार्यकर्तृणां नेतारणाञ्च विश्वासं नष्टं करोति तर्हि नेतृत्वं त्यक्तुं न संकोचयिष्यामि इति। दलस्य अन्तः वर्धमानस्य असन्तुष्टेः सन्दर्भे एतत वचनं महत्त्वपूर्णं दृश्यते।

उद्धवठाकरे अपि विद्रोही सांसदानां निर्वाचनक्षेत्रेषु मतदातानां कृते क्षमायाचनां कृतवान्, लोकतन्त्रे जनविश्वासः क्षीणः भवति इति ज्ञापयन्। निर्वाचितप्रतिनिधिनां शिकारस्य, पलायनस्य प्रोत्साहनस्य च राजनीतिः निरन्तरं भवति चेत्



लोकतान्त्रिकव्यवस्था दुर्बलतां प्राप्नुयात् इति सः चिन्ताम् अव्यक्तवान्। सः आरोपितवान् यत राजनैतिकविरोधिनः शिवसेनायाः समाप्त्यर्थं निरन्तरं प्रयत्नाः कुर्वन्ति।

एतस्मिन् समये विवादः निरन्तरं वर्धमानः अस्ति। दलस्य वरिष्ठनेता संजय राउतः अपि विद्रोही सांसदानां उपरि तीव्रप्रहारं कृतवान्, अनुपस्थितविधायकान् देशद्रोही, बेईमानाः, धोखेबाजाः च इति लेबलं कृतवान्। राउतस्य वचनस्य अनन्तरं द्वयोः गुटयोः मध्ये तनावः तीव्रः अभवत्। एतादृशी सार्वजनिकवाक्पटुता दलस्य अन्तः मेलनस्य सम्भावनाम् अधिकं क्षीणं कर्तुं शक्नोति इति राजनैतिकविश्लेषकाः मन्यन्ते।

महाराष्ट्रगुप्तचरविभागेन विद्रोहीसांसदानां कृते 'वाई-प्लस्' श्रेणीयाः सुरक्षा प्रदत्ता इति तथ्यतः स्थितिः गम्भीरता स्पष्टा भवति। एतेन स्पष्टं भवति यत् राजनैतिकतनावः केवलं संगठनात्मकस्तरस्य एव सीमितः नास्ति अपितु प्रशासनिकस्तरस्य अपि गम्भीरतापूर्वकं दृश्यते। महाराष्ट्रराजनीत्यां तीव्रगत्या प्रकटितैः विकासैः आगामिदिनानि निर्णायकानि अभवन्। यदि षट् सांसदानां विच्छेदस्य निर्णयः अन्तिमरूपेण निर्धारितः भवति तर्हि तस्य प्रभावः उद्धवठाकरे इत्यस्य राजनैतिक...तया स्थितिः अधिकं दुर्बलं कर्तुं शक्नोति। परन्तु यदि दलनेतृत्वं असन्तुष्टानां सांसदानां शान्तीकरणे सफलं भवति तर्हि संकटं निवारयितुं शक्यते। इदानीं कृते एकं वस्तु निश्चितम् अस्ति यत् शिवसेना-अन्तर्गतं प्रचलति आन्तरिक-युद्धस्य महाराष्ट्र-राजनीतेः दिशि, राज्ये च गहनः प्रभावः भविष्यति।

'संस्कारधनी' योग में डूबता

## अध्यक्ष, राज्यपाल, मुख्यमंत्री च योगं कुर्वन्ति; सर्वे सुस्वास्थ्यस्य प्रतिज्ञां कुर्वन्ति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

जबलपुर-भ्रमणस्य द्वितीयदिने राष्ट्रपतिः द्रौपदी मुर्मू सदरक्षेत्रे गैरिसन-भूमौ आयोजिते राज्यस्तरीय-अन्तर्राष्ट्रीय-योग-दिवसस्य आयोजने भागं गृहीतवती। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

राष्ट्रपतिः शनिवासरे सायं वायुसेनायाः विशेषविमानेन जबलपुरनगरम् आगत्य सर्किट् हाउस् इत्यत्र रात्रौ वसति स्म। रविवासरे प्रातःकाले सा गैरिसन-ग्राउण्ड्-नगरं प्राप्तवती, यत्र सा अन्तर्राष्ट्रीय-योग-दिवसस्य निमित्तं आयोजिते सामूहिक-योग-सत्रे भागं गृहीतवती। अस्मिन् कार्यक्रमे बहुसंख्याकाः नागरिकाः, छात्राः, अधिकारिणः, कर्मचारीः, जनप्रतिनिधिः च भागं गृहीतवन्तः।

योगकार्यक्रमस्य अनन्तरं राष्ट्रपतिः सर्किट् हाउस् प्रति प्रत्यागतवान्। तदनन्तरं रानीदुर्गावतीविश्वविद्यालयस्य ३६ तमे दीक्षांतसमारोहे मुख्यातिथिरूपेण सा भागं ग्रहीतुं निश्चिता अस्ति। समारोहे पुण्यशीलछात्रेभ्यः स्वर्णपदकपदकानि प्रदत्तानि भविष्यन्ति। राष्ट्रपतिस्य भ्रमणार्थं सम्पूर्णे नगरे व्यापकसुरक्षाव्यवस्था कृता अस्ति; विश्वविद्यालयपरिसरस्य, गैरिसन-भूमौ, सर्किट्-हाउस्, डुम्ना-विमानस्थानकेषु च पुलिस-सुरक्षा-संस्थानां विशेषनियोजनं कृतम् अस्ति।

## ारती समाप्तस्य अनन्तरं यदा सरस्वती बाई कण्ठे शृङ्खलां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

एतस्मिन्नन्तरे जनसमूहस्य लाभं गृहीत्वा चतुरः चोरः तस्य कण्ठात् सार्धटोलाभारस्य सुवर्णशृङ्खलां अपहृतवान्। आरती समाप्तस्य अनन्तरं यदा सरस्वती बाई कण्ठे शृङ्खलां न दृष्टवती तदा सा स्तब्धा अभवत्। परिवारजनानां अन्येषां च भक्तानां साहाय्येन ते घाटपरिसरस्य बहुधा अन्वेषणं कृतवन्तः, परन्तु चेनस्य अभियुक्तानां च कोऽपि लेशः न प्राप्तः घटनायाः सूचना प्राप्तमात्रेण घाटे जनानां समूहः समागत्य सुरक्षाव्यवस्थायाः विषये अप्रसन्नतां प्रकटितवान्। पीडिता ग्वारीघाटपुलिसस्थानम् आगत्य शिकायतां कृतवान्, यस्याः आधारेण पुलिसैः अज्ञातआरोपितानां विरुद्धं प्रकरणं रजिस्ट्रेशनं कृतम् अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : घूमने-फिरने का प्लान भी बन सकता है। आपको आज सीनियर्स के साथ सावधानी बरतने की जरूरत है।

**वृषभ** : अपनी एक्सपर्टीज बढ़ाने और कुछ नई स्किल्स सीखने में निवेश करने के लिए यह अच्छा दिन होगा।

**मिथुन** : खर्चे बढ़ जाएं और आपका बजट गड़बड़ा जाए। व्यापार से जुड़े लोगों को आज काफी मेहनत करनी पड़ेगी।

**कर्क** : आज के दिन हेल्थ आज अच्छी रहेगी। अपने काम से संबंधित कुछ निराशाओं का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह** : कुछ अप्रत्याशित समस्याएं सामने आ सकती हैं, जिससे आपकी प्लानिंग पूरी होने में देरी हो सकती है।

**कन्या** : एडवाइस यह रहेगी कि सावधान रहें और केवल वही जिम्मेदारियां लें, जिनके बारे में आप आश्वस्त महसूस करते हैं।

**तुला** : लाइफ में प्रॉब्लम आना नॉर्मल है। इसलिए हिम्मत न हारें और पॉजिटिव रहने की कोशिश करें।

**वृश्चिक** : आर्थिक रूप से यह एक अच्छा दिन है। आज अपने करियर में कुछ असफलताओं का अनुभव हो सकता है।

**धनु** : काम का प्रेशर ज्यादा महसूस होगा। आज के दिन धन के मामले को बहुत सावधानी से संभालें।

**मकर** : अपने सहकर्मियों से कही गई बातों में सावधानी बरतने की जरूरत है। कुछ जातकों की पर्सनल लाइफ अच्छी रहेगी।

**कुंभ** : इंकम बढ़ाने और प्रमोशन पाने के लिए आपको पूरे लगन के साथ ऑफिस के टास्क कंप्लीट करने चाहिए।

**मीन** : आज के दिन दफ्तर में टिके रहने के लिए बहुत कड़ी मेहनत करनी होगी। हो सकता है कि आपके सहकर्मी सहयोगात्मक न हों।

## ज्योतिष/वास्तु

# बुध का पुष्य नक्षत्र में गोचर इन राशियों को देगा लाभ, करियर में मिलेगी मनचाही ग्रोथ

बुध नक्षत्र गोचर से कुछ राशि वालों को लाभ मिल सकता है। आपको धन लाभ के योग बनेंगे और परिवार में खुशियों का माहौल बना रहेगा।

25 जून 2026 को बुध देव ने पुष्य नक्षत्र में प्रवेश कर लिया है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, इस नक्षत्र के स्वामी शनि है। दरअसल, बुध बुद्धि, वाणी, व्यापार और करियर के कारक है, वहीं शनि देव मेहनत और स्थिरता के प्रतीक माने जाते हैं। ऐसे में बुध का शनि के नक्षत्र में प्रवेश करना कई राशियों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आ सकता है। इसका संयोग जातकों के परिश्रमों के फल को प्रदान करने वाला माना जा रहा है। इस दौरान जातकों को करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे, आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है और लंबे समय से रुके हुए कार्यों में भी गति देखने को मिलेगी। आइए जानते हैं किन राशियों को इस गोचर का सबसे अधिक शुभ फल मिल सकता है।

**मेष राशि वालों को लाभ-** मेष राशि के जातकों के लिए बुध का यह नक्षत्र परिवर्तन सकारात्मक परिणाम लेकर आ सकता है। इस समय नौकरी



कर रहे लोगों को कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। मनचाहे स्थान पर तबादला संभव है। व्यापार से जुड़े लोगों को अचानक लाभ मिलने की संभावना बन रही है। परिवार का सहयोग मिलेगा और लंबे समय से अटके हुए काम पूरे होने के संकेत हैं। धन लाभ के योग बन रहे हैं और आय के नए स्त्रोत खुल सकते हैं। भाग्य का साथ मिलने से कई मुश्किल काम आसानी से पूरे हो सकते हैं और आत्मविश्वास में भी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

**कन्या वालों को सफलता-** कन्या राशि के लिए बुध ग्रह का यह गोचर काफी शुभ माना जा रहा है क्योंकि बुध आपकी राशि के स्वामी भी हैं। इस दौरान करियर में मनचाही सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। परीक्षा-प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे लोग पूरे मनोयोग से अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ेंगे। नौकरी बदलने का प्रयास कर रहे लोगों को अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। पारिवारिक जीवन में सकारात्मक माहौल बना रहेगा। व्यापार में नई योजनाओं पर काम शुरू हो सकता है, जिससे आने वाले समय में बड़ा लाभ मिलने की संभावना है। आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी और मेहनत के अनुसार अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। आपकी निर्णय क्षमता मजबूत रहेगी, जिसका फायदा करियर में देखने को मिल सकता है।

**मीन वालों को भाग्य का साथ-** मीन राशि के जातकों के लिए बुध का पुष्य नक्षत्र में प्रवेश भाग्य वृद्धि के संकेत दे रहा है। विद्यार्थियों के लिए भी समय अनुकूल रहेगा और प्रतियोगी परीक्षाओं में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। लंबे समय से रुके हुए कार्यों में अचानक गति आ सकती है। प्रेम प्रसंग में नजदीकियां और आपसी विश्वास बढ़ेगा। कई अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। सीनियर और जूनियर दोनों के साथ बेहतर तालमेल बनाते हुए चलना उचित रहेगा। करियर में नए अवसर मिलने की संभावना है, खासतौर पर उन लोगों के लिए जो नई शुरूआत करना चाहते हैं।

श्रेयस ने रोहित का रिकॉर्ड तोड़ा, सबसे ज्यादा टी-20 खेलने के बाद कप्तान बने

# आयरलैंड ने इंटरनेशनल क्रिकेट में पहली बार भारत को हराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेलफास्ट

आयरलैंड ने पहले टी-20 मैच में भारत को 34 रन से हरा दिया। यह आयरलैंड की भारत के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट में पहली जीत है। बेलफास्ट में श्रेयस अय्यर सबसे ज्यादा टी-20 मैच खेलने के बाद भारत की कप्तानी करने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा।

**आयरलैंड की इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत पर पहली जीत-** भारत के खिलाफ खेले गए 12 इंटरनेशनल मैचों (9 टी-20, 3 वनडे) में आयरलैंड ने पहला मैच जीता। आयरलैंड इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत को हराने वाली वह 11वीं टीम बनी। साथ ही टीम अब 8 टेस्ट खेलने वाले देशों के खिलाफ जीत दर्ज कर चुका है। अब केवल ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के खिलाफ उसे पहली जीत का इंतजार है।

**भारत 2 साल बाद कोई टी-20 सीरीज नहीं जितेगा-** भारत का लगातार 12 टी-20 सीरीज जीतने का सिलसिला थम गया। जनवरी 2024 के बाद पहली बार टीम कोई टी-20 सीरीज जीतने में नाकाम होगी।



### शिवम दुबे ने जन्मदिन पर विकेट लिया

शुक्रवार को शिवम दुबे का बर्थडे था। उन्होंने बेन कैलिट्ज को आउट किया। इसके साथ ही वे जन्मदिन पर टी-20 में विकेट लेने वाले चौथे भारतीय बन गए। उनसे पहले युवराज सिंह, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव ऐसा कर चुके हैं।

### बतौर कप्तान टकर की लगातार तीसरी फिफ्टी

आयरलैंड के लॉर्कन टकर बतौर टी-20 कप्तान पहली 3 पारियों में फिफ्टी लगाने वाले दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले बरमूडा के डेलरे रॉलिन्स यह कारनामा कर चुके हैं।

आयरलैंड के खिलाफ दो टी-20 मैच खेले जाने हैं। अगर भारत अगला मैच जीत भी जाता है तो सीरीज 1-1 से ड्रॉ होगी। इससे पहले दिसंबर 2023 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही थी।

**श्रेयस कप्तानी में डेब्यू मैच हारने वाले चौथे भारतीय-** श्रेयस अय्यर कप्तानी डेब्यू पर टी-20 हारने वाले चौथे भारतीय कप्तान बने। उनसे पहले विराट कोहली (2017), ऋषभ पंत (2022) और शुभमन गिल (2024) अपने पहले टी-20 में कप्तान के तौर पर हार चुके हैं।

**हॉलार्ड डेब्यू पर प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले तीसरे आयरिश-** मैथ्यू हॉलार्ड डेब्यू पर प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले तीसरे आयरिश खिलाड़ी बने। टी-20 डेब्यू पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। उन्होंने 3/28 के आंकड़े दर्ज किए, जो भारत के खिलाफ किसी भी आयरिश गेंदबाज का दूसरा और बेलफास्ट में पहला बेस्ट टी-20 प्रदर्शन है।

**श्रेयस ने 113 टी-20 मैच बाद भारत की कप्तानी की-** श्रेयस भारत के लिए सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने के बाद पहली बार कप्तानी करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने टी-20 में 113 मैच खेलने के बाद कप्तानी संभाली। श्रेयस ने रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा। रोहित ने 80 मैच खेलने के बाद भारत की कप्तानी संभाली थी। श्रेयस ने 31 साल 202 दिन की उम्र में भारत के लिए कप्तानी की। वे भारत के लिए कप्तानी में डेब्यू करने वाले तीसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। शिखर धवन 35 साल 232 दिन के साथ पहले स्थान पर हैं।

**प्रसिद्ध लगातार 2 टी-20 मिलाकर सबसे ज्यादा रन देने वाले गेंदबाज-** प्रसिद्ध कृष्णा पिछले दो टी-20 मैच मिलाकर 8 ओवर में 125 रन दे चुके हैं। वे टी-20 इंटरनेशनल में लगातार 2 पारियों को मिलाकर सबसे ज्यादा रन देने वाले बॉलर बन गए हैं। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ 4 ओवर में 57 रन दिए। इससे पहले उन्होंने 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुवाहाटी में पिछला मैच खेला था। तब उन्होंने 4 ओवर में 68 रन दिए थे।

## मेसी और रोनाल्डो आज रात खेलते दिखेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ स्पेन

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में आज रात ग्रुप स्टेज के आखिरी 6 मुकाबले खेले जाएंगे। इन मैचों में दोनों स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो खेलते दिखाई देंगे। पहले पुर्तगाल और कोलंबिया का मैच होगा। फिर लीग स्टेज के 72वें और आखिरी मुकाबले में अर्जेंटीना की भिड़ंत जॉर्डन से होगी। मेसी इस टूर्नामेंट में 5 गोल के साथ गोल्डन बूट की रेस में सबसे आगे हैं। रोनाल्डो ने पिछले मैच में उज्बेकिस्तान के खिलाफ 2 गोल किए थे। अर्जेंटीना पहले ही नॉकआउट के क्वालिफाई कर चुकी है। वहीं पुर्तगाल 2 मैचों में 4 पॉइंट्स के साथ मजबूत स्थिति में है। ये सभी 6 मैच भारतीय समयानुसार 28 जून को खेले जाएंगे। इसके बाद नॉकआउट के लिए 32 टीमें फाइनल हो जाएंगी। ग्रुप-एल में शामिल इंग्लैंड का सामना पनामा से होगा। इंग्लैंड 2 मैचों में 4 अंक के साथ पहले स्थान पर है। वहीं पनामा लगातार 2 मैच हारकर टूर्नामेंट से पहले ही बाहर हो चुकी हैं। दोनों के बीच अब तक सिर्फ 1 इंटरनेशनल मैच खेला गया है। 2018 वर्ल्ड कप में हुई इस भिड़ंत में इंग्लैंड ने 6-1 के बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी।

विमेंस वर्ल्डकप में आज तीन मैच

## आज वेस्टइंडीज जीता तो सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ह्यूस्टन

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में शनिवार को 3 मैच खेले जाएंगे। पहले मुकाबले में पाकिस्तान और नीदरलैंड आमने-सामने होंगे। दोनों टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं और पहली जीत के साथ अभियान समाप्त करना चाहेंगी।

दिन का सबसे अहम मुकाबला वेस्टइंडीज और आयरलैंड के बीच होगा। वेस्टइंडीज जीतते ही सीधे सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। वहीं दिन के आखिरी मैच में मेजबान इंग्लैंड का सामना मौजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड से होगा। न्यूजीलैंड की सेमीफाइनल उम्मीदें आयरलैंड और वेस्टइंडीज के नतीजे पर भी निर्भर रहेंगी।

मैनचेस्टर में दोपहर 3 बजे पाकिस्तान और नीदरलैंड की भिड़ंत होगी। दोनों टीमें अपने चारों मुकाबले हार चुकी हैं और पहली जीत की तलाश में मैदान पर उतरेंगी।

पाकिस्तान पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिर्फ 86 रन पर सिमट गया था। कप्तान फातिमा सना चाहेंगी कि टीम जीत के साथ टूर्नामेंट खत्म करे। दूसरी ओर पहली बार वर्ल्ड कप खेल रहा नीदरलैंड भी जीत दर्ज करना चाहेगा।

**पाकिस्तानः** गुल फिरोजा, मुनीबा अली, आयशा जफर/एयमन फातिमा, इरम जावेद, साइरा जबीन, आलिया रियाज, फातिमा सना (कप्तान), रमीन शमीम, डायना बेग, नशरा संधू, सादिया इकबाल।

**नीदरलैंडः** सान्या खुराना, फोएबे मोल्केनबोअर, बाबेट डी लीडे (कप्तान/विकेटकीपर), स्टेरे कालिस, रोबिन रिज्के, फ्रेडरिक ओवरडाइक, आइरिस ज्विलिंग, मिर्थे वान डेन राड, सिल्वर सीगर्स, कैरोलिन डी लांगे, हन्ना लैंडहीर।

ब्रिस्टल में शाम 7 बजे से वेस्टइंडीज और आयरलैंड के बीच मुकाबला खेला जाएगा। वेस्टइंडीज जीत दर्ज करते ही अंतिम-4 में अपनी जगह पक्की कर लेगी।

अगर आयरलैंड उलटफेर करता है तो न्यूजीलैंड के लिए सेमीफाइनल का रास्ता खुल जाएगा। आयरलैंड भले ही इस टूर्नामेंट में जीत दर्ज नहीं कर सका हो, लेकिन इसी महीने ट्राई सीरीज में उसने पहली बार वेस्टइंडीज को टी-20 में हराया था।

## खबर एक नजर...

### टाइम हेडक्वार्टर का कर्मचारी गायब कर रहा था गैस टंकी

**उज्जैन।** आगररोड गरोठ ब्रिज के पास टाइम हेडक्वार्टर रेस्टोरेंट बना हुआ है। कुछ दिनों से रेस्टोरेंट के गैस सिलेंडर गायब हो रहे थे। मामले की शिकायत चिमनगंज थाना पुलिस तक पहुंची थी। प्रधान आरक्षक नवीनसिंह विशनार ने मामले की जांच शुरू की। इस दौरान मामले में रेस्टोरेंट के स्टोर कीपर नरेन्द्र तोमर पर शंका हुई। जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने व्यवसायिक सिलेंडर बेचने की बात कबूल कर ली। उसने बताया कि रूपयों के लालच में स्टोररूम में रखे 3 सिलेंडर उसने तिरूपति ड्रीम्स के रहने वाले ललित प्रजापत का बेचे है। ललित होटल संचालित करता है। मामले का खुलासा होते ही पुलिस ने रेस्टोरेंट के स्टोर कीपर और होटल वाले को हिरासत में सिलेंडर बरामदगी के लिये एक दिन की रिमांड पर लिया। दोनों की निशानेदही पर 3 सिलेंडर बरामद होने पर कोर्ट में पेश किया गया। विदित हो कि घरेलू गैस के साथ व्यवसायिक गैस सिलेंडर की बाजार में कालाबाजारी नहीं हो पा रही है। जिसके चलते होटल वालों को सिलेंडर के लिये जुगाड़ लगाना पड़ रही है। इसी के चलते रेस्टोरेंट के स्टोर कीपर ने अधिक रूपयों के लालच में सिलेंडर ठिकाने लगाना शुरू कर दिये थे।

### लापता बालिका 17 दिन बाद आगर-मालवा में मिली

**उज्जैन।** महिदपुर तहसील के कस्बे में रहने वाली 15 वर्षीय बालिका 8 जून को दुकान से सामान लेकर आने का बोलकर निकली थी। उसके बाद लापता हो गई थी। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। मामले की शिकायत महिदपुर थाना पुलिस को दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर टीम गठित की। 17 दिन बाद पता चला कि बालिका आगर-मालवा में अपनी मौसी के घर पर है। एक टीम आगर-मालवा रवाना की गई और बालिका को दस्तयाब कर महिदपुर लाया गया। जहां पूछताछ में उसने माता-पिता से नाराज होकर मौसी के घर जाने की बात कहीं। बालिका के सकुशल मिलने और उसके साथ कोई अप्रिय घटना नहीं होने पर पुलिस ने बालिका का समझाईश देकर परिजनों को सौंप दिया। बालिका के मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार माना।

### ट्रेन में यात्रा कर रही महिला का 5 तोले का मंगलसूत्र चोरी

**उज्जैन।** बेटी के ससुराल उज्जैन आई महिला कंचन पति संजय चौहान निवासी डोंगरपुर महू थाना बड़गोंदा जिला इंदौर वापस लौटे समय डॉ. अम्बेडकर नगर सुपरफास्ट ट्रेन के स्लीपर कोच एस/6 में सवार हुई थी। ट्रेन चलने के कुछ देर बाद उसे पता चला कि गले में पहना 5 तोला वजनी मंगलसूत्र गायब है। ट्रेन के महू पहुंचने पर कंचना ने मामले की शिकायत जीआरपी चौकी पुलिस को दर्ज कराई। जहां से मंगलसूत्र चोरी होने का मामला जांच के लिये उज्जैन जीआरपी के पास पहुंचा है। जीआरपी ने बताया कि घटनाक्रम 24 जून का सामने आया है। प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जायेगें। पिछले कुछ दिनों से उज्जैन स्टेशन से जाने वाली ट्रेनों में महिला यात्रियों के साथ वारदात होना सामने आ रहा है। बदमाश जहां महिलाओं को निशाना बना रहे है। पुरूष यात्रियों के मोबाइल और पर्स भी गायब कर रहे है। जीआरपी मोबाइल चोरी में बदमाशों का सुराग तलाशने में सफल हो रही है। लेकिन चेन, मंगलसूत्र, पर्स चोरी करने वालों का पता नहीं चल पा रहा है।

### खेत जोतने की बात पर आंजना परिवार के बीच विवाद

**उज्जैन।** महिदपुर के ग्राम धाराखेड़ी में आंजना परिवार के नारायणसिंह पिता रामचंद्र 65 साल और जीवन पिता लालसिंह 70 साल के बीच खेत जोतने की बात पर विवाद हो गया। दोनों खेत अपना बता रहे थे। विवाद के दौरान हुई मारपीट के चलते एक पक्ष से नारायणसिंह और उसका नाती युवराज घायल हुआ है। दूसरे पक्ष से जीवनसिंह और उसके ट्रेक्टर चालक पदमसिंह को चोंट आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। वषार्काल की शुरूआत होने पर खेती-किसानी करने वालों ने खेतों का रूख कर लिया है। जहां बोनी करने, खेत जोतने और जमीन अपनी होने की बात पर विवाद भी शुरू हो गये है। पिछले 5-6 दिनों में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से सात-आठ मामले सामने आ चुके है।

### जहरीला पदार्थ खाने वाले की मौत

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के मंगलनगर में रहने वाले पुरूषोत्तम पिता छोटेलाल यादव 51 वर्ष ने गुरूवार शाम जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजनों ने उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रात में पुरूषोत्तम की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। इस दौरान सामने आया कि पुरूषोत्तम सब्जी बेचने का काम करता था और घर से किराना दुकान भी संचालित करता था। उसके द्वारा ऐसा कदम क्यों उठाया गया, इसकी वजह सामने नहीं आई है। पुलिस जांच के बाद जहरीला पदार्थ खाने का कारण पता चल पायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 225-9 | 120-3 |
| मेन बाजार | 178-6 | 258-5 |
| मिलन डे | 127-0 | 158-4 |
| मिलन नाइट | 277-6 | 799-5 |

2 8 9

---

#### दीवार से गिरकर घायल हुआ कातिलाना हमले का आरोपी

# मम्मी का नबंर डायल किया तो युवती को मारे चाकू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दवा बाजार में काम करने वाली युवती का शुक्रवार दोपहर युवक ने रास्ता रोक लिया। युवती ने अपनी मां को कॉल करने के लिये नम्बर डायल किया, युवक ने चाकू से ताबातोड़ वार कर दिये। पुलिस हमलावर की तलाश शुरू की और 4 घंटे बाद उसकी घेराबंदी कर ली। हमलावर ने दीवार कूदकर भागने का प्रयास किया लेकिन उसे पैर टूट गया।

बापूनगर में रहने वाली पूजा उर्फ गुनगुन पिता रवि रजक 19 साल बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है और दवा बाजार में दयाल फार्मा पर कम्प्यूटर ऑपरेटर की जॉब करती है। दोपहर 12.45 बजे के लगभग वह दवा बाजार पहुंची थी, उसी दौरान ग्राम डेंडिया में रहने वाले सुनील पिता लालाराम जारोलिया ने रास्ता रोक लिया और बात करने का दबाव बनाने लगा। पूजा ने अपना मोबाइल निकाला और मम्मी का नम्बर डायल किया। तभी सुनील ने चाकू निकाला और ताबातोड़ मारना शुरू कर दिया। पूजा की चीख सुनकर दवा बाजार के लोग दौड़े, चाकू मारने वाला भाग निकला। घटनाक्रम की खबर मिलते ही नीलगंगा थाना





पुलिस की टीम दवा बाजार पहुंच गई। घायल युवती को चरक अस्पताल लाया गया, उसे चाकू के पांच गहरे घाव लगे थे, डॉक्टरों ने उपचार किया, परिजन खबर लगते ही अस्पताल पहुंच गये थे। डॉक्टरों हालत गंभीर बताई, परिजन उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर रवाना हो गये। जहां शाम को युवती का ऑपरेशन किया गया। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि मामले में हमलावर का नाम सामने आने पर उसके खिलाफ धारा 109 (1), 118 (1), और 351 (3) का प्रकरण दर्ज किया गया और गिरफ्तारी के लिये टीम रवाना की। हमला करने वाला पैदल भागना सामने आया था, जिसकी तलाश में रूट ट्रेस किया गया और 4 घंटे बाद इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर के पास घेराबंदी कर ली। हमलावर ने कॉलेज की दीवार कूदकर भागने का प्रयास किया लेकिन गिर गया। उसके पैर में फैक्चर हुआ है। जिसे पुलिस टीम उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंची। जहां अभिरक्षा में उपचार कराया जा रहा है।

**युवती को देखने एसपी पहुंचे अस्पताल-** युवती पर चाकू से हमले का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामला संगीन होने पर एसपी प्रदीप शर्मा खुद अस्पताल पहुंचे और युवती की स्थिति देख डॉक्टरों से जानकारी ली। यही नहीं एसपी ने परिजनों से चर्चा कर हर संभव उपचार का भरोसा दिलाया और सख्त कार्रवाई की बात कहीं।

#### 10 से 12 बार किया हमला, 5 चाकू लगे

युवती पर हुये कातिलाना हमले का दवा बाजार में लगे कैमरे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें हमलावर पहले बात करता दिखाई दे रहा है। उसके बाद चाकू निकालकर ताबातोड़ वार करता दिख रहा है। उसने युवती पर 10 से 12 बार वार किया इस दौरान पांच चाकू के गहरे घाव युवती को लगे और वह गिर पड़ी। सीसीटीवी में कुछ लोग दौड़ते दिखाई दे रहे है, जिन्हे देख हमलावर भागता दिखाई दिया। बताया जा रहा है कि वह बिना नम्बर की स्कूटी से आया था, जिसे पुलिस ने जप्त किया है।

#### इंस्टाग्राम पर हुई दोनों की पहचान

चरक अस्पताल में भर्ती हमलावर सुनील ने बताया कि उसकी पहचान इंस्टाग्राम पर हुई थी। वह होटल में काम करता है, दोस्ती प्यार में बदल गई, वह पूजा को पत्नी मानने लगा था। उसकी मां से शादी के लिये बात कहीं थी लेकिन मां ने मना कर दिया था। पूजा ने बात करना बंद कर दिया था। उसकी मां ने पुलिस को शिकायत भी दर्ज करा दी थी। पूजा के बात नहीं करने पर परेशान रहने लगा था। उसका कहना था कि चाकू मारकर गलती कर दी।

---

## क्षिप्रा नदी से रात ढाई बजे मिली बुजुर्ग की लाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

क्षिप्रा नदी के रामघाट पर रपट किनारे गुरूवार-शुक्रवार रात ढाई बजे बुजुर्ग की लाश मिलना सामने आया। होमगार्ड जवानों ने शव बाहर निकाला जो 35 से 40 घंटे पुराना लग रहा था। पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की जेब से मोबाइल मिला, जिसके आधार पर पहचान की गई।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि रात में क्षिप्रा नदी से लाश मिलने पर पुलिस ने शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया था। मृतक 70 से 72 साल का प्रतीत हो रहा था। उसने पेंट-शर्ट पहन रखा था। उसकी जेब से मोबाइल और 150 रुपए मिले। पानी में गीला होने पर मोबाइल बंद हो चुका था। शुक्रवार सुबह सीम निकालकर दूसरे मोबाइल में लगाई गई। उसी दौरान कॉल आया और चर्चा करने पर मृतक बुजुर्ग की पहचान उदय कुमार पिता कमलाकर 73 निवासी ग्वालियर के रूप में हो गई। परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। इंदौर से भतीजा पियुष उज्जैन पहुंचा। मामले में मर्ग कायम कर प्रधान आरक्षक वैभवसिंह द्वारा पोस्टमार्टम कराया। प्रधान आरक्षक के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में भतीजे ने बताया कि शासकीय विभाग से सेवानिवृत्त थे और धार्मिक यात्रा करने लगे थे। पोस्टमार्टम के बाद पियुष अंतिम संस्कार के लिये अपने साथ लेकर ग्वालियर रवाना हो गया। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि मृतक बुजुर्ग के साथ हादसा हुआ है या फिर उन्होने आत्महत्या की है। उनकी बॉडी पर पेंट-शर्ट मिला था जिससे स्पष्ट की वह नहान करने नदी में नहीं उतरे थे। थाना प्रभारी का कहना था कि मामले की जांच जारी है। परिजनों को बुलाकर बयान दर्ज किये जायेगें।

**हादसा या आत्महत्या पुलिस कर रही जांच**

---

#### सायबर ठगी की राशि करते थे गोल्ड खरीदी

## दिल्ली से गिरफ्त में आया अंतर्राज्यीय गिरोह का साथी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सायबर ठगी की राशि से गोल्ड खरीदी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का चौथा साथी दिल्ली से पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जिससे पूछताछ जारी है, आज मामले में उसकी गतिविधियों का खुलासा किया जा सकता है।

घासमंडी चौराहा पर डीपीके गोल्ड शोरूम से 6 जून को फर्जी नाम अनुराग कहार द्वारा 95 हजार का गोल्ड क्वाइन खरीदा गया था। भुगतान क्यूआर कोड से किया गया। कुछ दिन बाद गोल्ड शोरूम का खाता होल्ड कर दिया गया। जानकारी सामने आई कि सायबर



ठगी की राशि का ट्रांजेक्शन हुआ है। शोरूम प्रबंधक ने माधवनगर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने फुटेज और खरीदी करने वालों का रूट ट्रेस कर 18 जून को सखीपुरा स्थित होटल हीरा पैलेस में दबिश देकर नर्मदापुरम के रहने वाले कशिश पिता सुनील, राहुल उर्फ शानू पिता अरुण और अनिमेश उर्फ अनुराग उर्फ अन्नी पिता अभय को गिरफ्तार किया। तीनों को न्यायालय में पेश कर 21 जून तक रिमांड पर लिया। इस दौरान पता चला कि सायबर ठगी की राशि से गोल्ड खरीदते थे। दिल्ली में बैठे साथी मोबाइल अपडेट करने के नाम पर फर्जी लिंक भेजकर लोगों के खाते से राशि उड़ाते है। तीनों ने उज्जैन के चार ज्वेलर्स से ठगी की राशि से गोल्ड खरीदा है। इसी आधार पर एक टीम दिल्ली रवाना की गई थी, जहां 3 से 4 दिनों की तलाश के बाद ठगी में शामिल चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया है। जिससे पूछताछ जारी है। उज्जैन पुलिस की हिरासत में आये अंतर्राज्यीय स्तर पर ठगी कर राशि से गोल्ड खरीदने का मामला सामने आने के बाद भोपाल के चार ज्वेलर्स भी सामने आये थे। जिनके खातों में क्यूआर कोड से ठगी की राशि का ट्रांजेक्शन हुआ था और उनके खाते होल्ड हो गये थे। भोपाल हबीबगंज पुलिस ने 2 ज्वेलर्स की शिकायत पर कुछ दिन पहले प्रकरण दर्ज किया है।

---

#### उज्जैन में कोचिंग संस्थानों पर फायर सेफ्टी की सख्ती

## नियमों की अनदेखी करने वाले होंगे सील

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लखनऊ और आगरा में हुए हादसों के बाद देशभर में कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इसी के मद्देनजर उज्जैन नगर निगम ने भी फायर सेफ्टी नियमों के पालन को लेकर सख्त रुख अपनाया है।

नगर निगम ने शहर के प्रमुख कोचिंग संस्थानों की चेकिंग की है और स्पष्ट किया है कि फायर सेफ्टी मानकों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के खिलाफ सील करने सहित कड़ी कार्रवाई की जाएगी।गुरुवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर सहायक आयुक्त रविकांत मगरदे और फायर ऑफिसर लक्ष्मण प्रसाद साहू ने शहर के तीन प्रमुख कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया।

इनमें सनशाइन टावर स्थित आकाश कोचिंग इंस्टिट्यूट, दुर्गा प्लाजा के सामने स्थित कौटिल्य एकेडमी और गारंटी सक्सेस कोचिंग संस्थान शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र, अग्निशमन ऑडिट रिपोर्ट, भवन अनुज्ञा और विद्युत सुरक्षा प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेज जांचे गए।निरीक्षण टीम ने संस्थानों में स्थापित अग्निशामक यंत्रों, फायर अलार्म, स्मोक डिटेक्टर सिस्टम, फायर हाइड्रेंट, स्प्रिंकलर सिस्टम और आपातकालीन निकास मार्गों की कार्यशीलता की भी जांच की। इसके अतिरिक्त, इमरजेंसी लाइटिंग, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था और आपदा प्रबंधन योजना का भी विस्तार से आकलन किया गया।

अधिकारियों ने संस्थान संचालकों को निर्देश दिए कि सभी सुरक्षा उपकरण हर समय सक्रिय और उपयोग योग्य स्थिति में होने चाहिए।फायर ऑफिसर लक्ष्मण प्रसाद साहू ने बताया कि 15 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले भवनों, बड़े होटल, अस्पताल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मॉल, मल्टीप्लेक्स, सिनेमा हॉल और मैरिज गार्डन सहित अन्य मिश्रित अधिभोग वाले भवनों के लिए अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 50 से कम बिस्तरों वाले होटल और अस्पतालों को पंजीकृत फायर इंजीनियर का प्रमाणीकरण प्रस्तुत करना आवश्यक है।

---

## पलंग से गिरे 7 माह के मासूम की हुई मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सात माह का मासूम 2 दिन पहले पलंग से गिर गया था, निजी अस्पताल में उपचार के चलते उसकी शुक्रवार तड़के मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंकदरी में रहने वाले गोपाल राठौर का सात माह का पुत्र समरथ 2 दिन पहले पलंग से गिर गया था, उस दौरान परिवार घर के काम लगा था। मासूम का रोना बंद नहीं हुआ तो उसे निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां दो दिन चले उपचार के बाद मौत हो गई। डॉक्टरों ने मासूम के पास से कीटनाशक की स्मैल आना भी बताया। मामला संदेहास्पद बन गया, पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की लेकिन सभी ने पलंग से गिरने की बात कही। बावजूद मासूम का शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया शार्ट पीएम रिपोर्ट में गिरने से सिर में लगी चोंट के चलते मौत होना सामने आया है। सिर में खून का धक्का जम गया था। फिर भी बिसरा जांच के लिये फारेंसिक लेब भेजा जा रहा है। मासूम राठौर परिवार का एकलौता पुत्र था।



#### सफाई करते समय छत से गिरा युवक

शुक्रवार शाम नीलगंगा थाना क्षेत्र के कमलानेहरू नगर में रहने वाला मोहित पिता राजू मरमट 22 साल छत से गिरकर घायल हो गया। उसे बहन अस्पताल लेकर पहुंची। बहन ने बताया कि बारिश के चलते छत पर सफाई के लिये चढ़ा था। परिवार के सिर्फ भाई-बहन है। माता-पिता का पूर्व में निधन हो गया था। एक माह पहले दादी भी साथ छोड़ गई। मोहित की हालत गंभीर बनी हुई थी। ड्युटी कम्पाउंडर ने घटना की सूचना पुलिस को दी है।

---

#### आपदा प्रबंधन के लिए नई तकनीक की ताकत का इस्तेमाल होगा

# सिंहस्थ-2028 में अग्निशमन रोबोट तैनात होंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ -2028 में आपदा प्रबंधन के लिए नई तकनीक की ताकत का इस्तेमाल होगा। इसक चलते अग्निशमन रोबोट, एटीवी एवं क्यूआरवी (उअत्र सहित) ऑल टेरेन व्हीकल (अळश) एवं क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल (दफ्र) को कम्प्रेस्ड एयर फोम सिस्टम (उअत्र) से सुसज्जित तैनात किए जाएंगे। फायर ड्रोन एवं वायवीय निगरानी प्रणाली के तहत यूएवी (ड्रोन) आधारित तकनीक से मेला क्षेत्र की निगरानी की जाएगी।

उज्जैन में एक मजबूत, आधुनिक, तकनीक-संचालित एवं त्वरित आपातकालीन प्रबंधन प्रणाली विकसित करना, जो राष्ट्रीय स्तर की सर्वोत्तम व्यवस्थाओं के अनुरूप होने के साथ-साथ स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप भी पूरी तरह सक्षम हो। अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के लिए नई तकनीक की ताकत का इस्तेमाल होगा। इसे लेकर विशेषज्ञों ने शुक्रवार को लाईव डेमों दशहरा मैदान में कलेक्टर रोशनकुमारसिंह एवं निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा के साथ आमजन के समक्ष दिया है।

**विशेषज्ञों ने दिया लाइव डेमो,निगम कर्मचारियों को संचालन भी बताया**



#### डेमों में कर्मचारियों ने संचालन सीखा

सिंहस्थ 2028 की व्यापकता, श्रद्धालुओं की भीड़ और गतिशील जोखिमों को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को दशहरा मैदान पर अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन का लाइव किया गया। अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ डॉ. पी.एस. राँहागडाले एवं टीम द्वारा आधुनिक अग्निशमन उपकरणों, मशीनों एवं नई तकनीकों का प्रदर्शन इस दौरान किया गया है ।लाइव डेमो के दौरान नगर निगम के फायर कर्मचारियों को अत्याधुनिक अग्निशमन संसाधनों के संचालन, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में प्रभावी राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई।

#### आयुक्त बोले शहर की प्राथमिक जरूरत

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने इस दौरान कहा कि अग्नि सुरक्षा केवल सिंहस्थ महापर्व की आवश्यकता नहीं, बल्कि वर्तमान समय में पूरे शहर की प्राथमिक जरूरत है। आधुनिक तकनीकों और नवीन उपकरणों के उपयोग से संकरी गलियों, घाट क्षेत्रों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भी त्वरित एवं प्रभावी अग्निशमन सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। निगम आयुक्त ने कहा कि इस प्रशिक्षण और लाइव प्रदर्शन से नगर निगम की फायर टीम को नई तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ है, जिससे भविष्य में आपातकालीन परिस्थितियों से बेहतर ढंग से निपटा जा सकेगा।

#### ये है प्रस्तावित आधुनिक अग्नि सुरक्षा प्रणाली

प्रस्तावित आधुनिक अग्नि सुरक्षा प्रणाली के प्रमुख घटक इस दौरान प्रदर्शित किए गए । जिसमें उन्नत अग्नि प्रतिक्रिया प्रणाली के तहत एटीवी एवं क्यूआरवी (उअत्र सहित) ऑल टेरेन व्हीकल (अळश) एवं क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल (दफ्र) को कम्प्रेस्ड एयर फोम सिस्टम (उअत्र) से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे संकरी गलियों, घाट मार्गों और अत्यधिक भीड़ वाले क्षेत्रों में भी त्वरित अग्निशमन संभव होगा। अग्निशमन रोबोट प्रणाली में उच्च घनत्व वाली भीड़ और जोखिमपूर्ण स्थानों पर अग्निशमन रोबोट की तैनाती से बिना मानव जीवन को खतरे में डाले प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य किए जा सकेंगे। ये दूर-संचालित एवं स्वायत्त इकाइयाँ खतरनाक क्षेत्रों में भी कार्य करने में सक्षम हैं। फायर ड्रोन एवं वायवीय निगरानी प्रणाली के तहत यूएवी (ड्रोन) आधारित तकनीक के माध्यम से विशाल मेला क्षेत्र की रियल-टाइम निगरानी, थर्मल इमेजिंग, आग की त्वरित पहचान एवं क्षति का आकलन किया जा सकेगा, जिससे राहत कार्यों की गति और सटीकता दोनों बढ़ेंगी। प्री-फैब्रिकेटेड एवं मोबाइल कंट्रोल सिस्टम के तहत शीघ्र स्थापित होने वाली मोबाइल एवं प्री-फैब्रिकेटेड अवसंरचना के माध्यम से सिंहस्थ क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार कमांड एवं कंट्रोल सेंटर को कम समय में स्थापित, स्थानांतरित और विस्तारित किया जा सकेगा।

#### अधिकारियों ने भी देखा डेमो

लाईव डेमों के दौरान दशहरा मैदान पर अपर आयुक्त संतोष टैगोर, उपायुक्त मनोज मौर्य, अधीक्षण यंत्री प्रमोद मालवीय, फायर ऑफिसर एलपी साहू एवं फायर कर्मचारियों के साथ मिडिया एवं आमजन ने उपस्थित रहकर आधुनिक तकनीक को देखा और सराहा।

---

## गाय को बचाने में पलटी पलटी कार, 3 घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंदौररोड पर गुरूवार-शुक्रवार रात 3 बजे गाय को बचाने का प्रयास करते समय कार चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार पलटी खा गई। घटनाक्रम के समय बाइक सवार भी गुजर रहे थे, जो हादसे की चपेट में आ गये। 3 युवकों को गंभीर चोंट लगने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हरियाणा से अक्षय पिता देवेन्द्र, योगेश पिता रमेशचंद्र अपने 2 दोस्तों के साथ गुरूवार को महाकाल दर्शन करने उज्जैन आये थे। सुबह दर्शन के बाद चारों कार से औंकारेश्वर दर्शन करने निकले। जहां से देर रात वापस उज्जैन लौटते समय इंदौररोड पर गाय सामने आ गई। कार का संतुलन बिगड़ गया और सड़क से नीचे उतरकर पलटी खा गई। इस दौरान बाइक से गुजर रहा अंश पिता राजेश निवासी पुलिस लाइन और उसका साथी ही चपेट में आ गये। घटनाक्रम में कार सवार अक्षय और योगेश को गंभीर चोंट लगी। उन्हे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। वहीं बाइक सवार अंश को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में नानाखेड़ा थाना पुलिस जांच कर रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com